रोहतक
शुक्रवार 13 नवंबर 2026
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 280
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 32.5°C
न्यून. 13.0°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 वनडे कप्तानी में डेब्यू पर छाप छोड़ना चाहेंगे श्रेयस, भारत की निगाह श्रृंखला जीतने पर

जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में पेट्रोलिंग के दौरान हुए थे गायब

दोनों लापता एसपीओ की हत्या गोलियों से छलनी मिले शव

हथियार भी गायब, घटना के वक्त इलाके में हुई थी फायरिंग

रशपाल व बाबी स्थानीय निवासी इलाके से थे भलीभांति परिचित

हमले के समय क्षेत्र में नेटवर्क सेवाएं भी हो गई थी बाधित

एजेंसियां जांच में जुटी, आतंकियों ने मारा या किसी और वजह से हुई हत्या

भाषा ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के सुदूर इलाके दच्चन से एक दिन पहले लापता हुए दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) के गोलियों से छलनी शव बृहस्पतिवार तड़के बरामद किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दोनों एसपीओ की हत्या की यह घटना दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को सीआरपीएफ की एक चौकी पर हुए हमले के बाद हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मियों के सरकारी हथियार नहीं मिले हैं। इनमें एक इंसास और एक प्वॉइंट 303 राइफल के साथ कुछ मैगजीन और कारतूस शामिल हैं, जिन्हें आतंकवादियों द्वारा ले जाने की आशंका है।

उन्होंने बताया कि घटनास्थल से पाकिस्तान निर्मित 'आर्मर-पियर्सिंग' (एपी) स्टील-कोर गोलियों के खाली खोखे बरामद हुए हैं। एक अधिकारी ने कहा, ''हमलावरों की पहचान करने, उनका पता लगाने और उन्हें मार गिराने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।'' मृतकों की पहचान बाबी चंद (57) और रशपाल कुमार (45) के रूप में हुई है। ये दोनों दच्चन के कियार गांव में स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) में तैनात थे और बुधवार को अपने शिविर से धारणा-मारवाह स्थित सेना की एक चौकी की ओर जाते समय लापता हो गए थे।

बड़े पैमाने पर चला तलाशी अभियान

एक अधिकारी ने बताया कि वे स्थानीय निवासी थे और इलाके की भौगोलिक स्थिति से भली-भांति परिचित थे। शुरुआत में उनके मोबाइल फोन पर संपर्क हो रहा था, लेकिन बाद में वे 'स्विच ऑफ' हो गए। इससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई और बड़े पैमाने पर एक तलाश अभियान शुरू किया गया। सुरक्षा बलों ने आज तड़के अतिरिक्त जवानों को मौके पर भेजा और ड्रोन तथा खोजी कुत्तों से लैस विशेष टीम को तैनात करते हुए दच्चन के ऊपरी जंगली इलाकों में तलाश अभियान तेज कर दिया।

इस वर्ष 4 आतंकी मारे, 1 जवान शहीद



उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2026 में आतंकी घटनाओं में चार आतंकियों और सेना के एक जवान सहित पांच लोगों की मौत हुई है। वर्ष 2025 में यह आंकड़ा चार था, जिसमें तीन आतंकी और सेना का एक जवान शामिल था। वहीं, 2024 में तीन सुरक्षाकर्मियों और दो नागरिकों ने अपनी जान गंवाई थी। यह ताजा घटना ऐसे समय हुई है जब जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद से निपटने और क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए जनता से लगातार अधिक सहयोग की अपील कर रही हैं।

पसदरान-ए-हुर्रियत ने ली सीआरपीएफ कैंप पर आतंकी हमले की जिम्मेदारी

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सीआरपीएफ जवानों पर हमले की जिम्मेदारी पसदरान-ए-हुर्रियत कश्मीर ने ली है। इस संगठन की ओर से जारी कथित आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस संगठन ने आने वाले दिनों में और हमले करने की दी धमकी दी है। कुलगाम में 11 नवंबर को हुए हमले में 3 जवान घायल हो गए थे। वीडियो में हमलावर 15 सेकेंड के अंदर करीब 30 राउंड फायरिंग करते नजर आए थे। संगठन ने अपने बयान में जम्मू-कश्मीर में शांति की स्थिति को लेकर आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया। उसने दावा किया कि आने वाले दिनों में हिंदुत्ववादी सरकार और आरएसएस को निशाना बनाकर बड़े हमले किए जाएंगे। बयान में संगठन ने यह भी धमकी दी है कि जब तक उनका लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता हमले तब तक जारी रहेंगे। कथित बयान पर संगठन के प्रवक्ता मोहम्मद उमर आजम का नाम लिखा है। बयान में अरबी आयत का इस्तेमाल करते हुए हिंसा को जारी रखने की बात भी कही गई है।

हिंदूवादी सरकारों आरएसएस को दी चेतावनी

हमले में 3 जवान हुए थे घायल

क्या है पसदरान-ए-हुर्रियत कश्मीर आतंकी संगठन?

पसदरान-ए-हुर्रियत कश्मीर लश्कर का प्रॉक्सी संगठन माना जाता है। यह जम्मू-कश्मीर में एक्टिव एक आतंकी संगठन है, जो कुलगाम जिले में हुए आतंकी हमले के बाद चर्चा में है। सुरक्षा एजेंसियों को संदेह है कि इस हमले के पीछे लश्कर का सदस्य, अब्दुल लतीफ जिम्मेदार है। दरअसल आतंकी संगठन अपने नाम बदलते रहते हैं। यह पाकिस्तान सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है, ताकि पाकिस्तान आतंकवाद में अपनी भूमिका से इनकार कर सके।

बिग बी का बंगला उड़ाने की धमकी



20 दिन में तीसरा ईमेल

एयरपोर्ट, मेयर ऑफिस, पीएनबी ब्रांच का भी जिक्र

मुंबई। मुंबई में गुरुवार सुबह एक बार फिर अमिताभ बच्चन के बंगला जलसा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। एक अफसर के मुताबिक, ईमेल सुबह 10:52 बजे भेजा गया था। इसके सब्जेक्ट में पीएनबी की मुंबई ब्रांच में दोपहर 1:11 बजे बम धमाका होने की बात लिखी थी। ईमेल में 27 नवंबर और 31 दिसंबर समेत कई तारीखों का भी जिक्र किया गया। जलसा को बम से उड़ाने की धमकी वाला 20 दिन में यह तीसरा ईमेल है।

सार्वजनिक जगहों को निशाना बनाने की धमकी

ईमेल में खालिस्तान और कथित संगठन खालिस्तान नेशनल आर्मी का भी जिक्र किया गया। ईमेल भेजने के लिए reduak079<\@>gmail.com अकाउंट का इस्तेमाल किया गया था। यह ईमेल पीएनबी के मुंबई जोनल ऑफिस, कफ परेड स्थित लोकल क्राइम ब्रांच (एलसीबी) और दक्षिण मुंबई के जवेरी बाजार ब्रांच को भेजा था।

भाजपा मुख्यालय में दिवाली मिलन समारोह को किया संबोधित

न्यूज की तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी : मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में दीपावली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि न्यूजरूम में कुछ भी असंभव नहीं माना जाता। मोदी ने कहा कि भूकंप हो या बाढ़, जब लोग जान बचाकर भाग रहे होते हैं, तब रिपोर्टर अपनी जान जोखिम में डालकर और परिवार की चिंता छोड़कर खबर की कवरेज करते हैं। न्यूज की दुनिया में डेडलाइन सबसे जरूरी होती है। उसी तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी होती है। मोदी ने कहा- मैं 11 अशोका रोड पर पड़ा रहता था। एक दिन पत्रकार अचानक मेरे कमरे में आ गए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में मेरा गला पकड़ लिया और कहा कि मिठाई खिलाओ। मैंने पूछा कि किस बात की मिठाई खिलाऊं, तो उन्होंने कहा कि आप गुजरात के मुख्यमंत्री बन गए हैं। मुझे खुद इस बात की जानकारी नहीं थी, लेकिन पत्रकारों को पहले ही पता चल गया था।

पत्रकारों के साथ पुराने रिश्ते और मीडिया में बदलाव



फैक्स से लेकर इंस्टाग्राम रील तक मीडिया का स्वरूप बदल चुका है। पहले खबरों की कवरेज ओबी वैन से होती थी, अब मोबाइल ही ओबी वैन बन गया है। 2001 में गुजरात का मुख्यमंत्री बनने की खबर पत्रकारों को उनसे पहले मिल गई थी। पत्रकारों ने उन्हें मिठाई खिलाने को कहा। कई पत्रकार अपने खर्चे पर शपथ ग्रहण समारोह में भी पहुंचे थे।

देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की डेडलाइन

पत्रकारिता में डेडलाइन से काम की प्राथमिकताएं तय होती हैं और रफ्तार बढ़ती है। देश के सामने भी 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की डेडलाइन है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए छोटे-बड़े चरणों में काम करना होगा, 2047 तक इंतजार नहीं करना है।

फरीदाबाद में देसी कट्टे से फायरिंग

12वीं के छात्र ने गोली मारकर की आत्महत्या

फरीदाबाद। फरीदाबाद के डबुआ थाना क्षेत्र के पाली गांव में 12वीं क्लास के स्टूडेंट ने खुद को देसी कट्टे से गोली मारकर सुसाइड कर लिया। अभी तक सुसाइड करने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पिता ने बताया कि उनका 17 वर्षीय बेटा 12वीं कक्षा की ओपन से पढ़ाई कर रहा था। पढ़ाई के लिए वह कोचिंग भी लेता था। बुधवार शाम करीब 5 बजे उनकी पत्नी और बड़ा बेटा घेर में चले गए थे। उस समय छात्र घर पर अकेला था। मृतक के पिता ने बताया कि शाम करीब 6 बजे बड़ा बेटा लौटा तो छोटा भाई कहीं दिखाई नहीं दिया। तलाश करते हुए वह तीसरी मंजिल पर पहुंचा और खिड़की से बाथरूम में झांककर देखा तो छात्र खून से लथपथ पड़ा था।

पिता को बाथरूम में पड़ा मिला शव, कारण स्पष्ट नहीं

लोगान सर्कल में घटना

व्हाइट हाउस के पास फायरिंग पांच लोगों को लगी गोली

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास फायरिंग हुई। इसमें 5 लोगों को गोली लगी है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को व्हाइट हाउस से करीब 1.6 किमी दूर लोगान सर्कल इलाके में कई जगहों पर फायरिंग की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने लोगों से 15वीं स्ट्रीट के 1500 ब्लॉक के आसपास जाने से बचने की अपील की है। आसपास के स्कूलों में लॉकडाउन लगा दिया गया। पुलिस ने इलाके की सड़कों को बंद कर दिया है और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। इस इलाके में वीडा फिटनेस सेंटर, सेंट ल्यूक एपिस्कोपल चर्च और रिहायशी इमारतें हैं।

हमलावर फरार, पुलिस ने क्षेत्र को खाली करवाया

खबर संक्षेप

वीटा ने दूध के रेट बढ़ाए फुल क्रीम 4 रुपये महंगा

चंडीगढ़। हरियाणा में वीटा ने दूध के रेट बढ़ा दिए हैं। गुरुवार से ही नई रेट लिस्ट जारी कर दी गई है। कस्टमर्स को दूध नए रेट पर ही मिलेगा। इससे पहले अमूल, मदर डेयरी और वेरका ने भी दूध के रेट में बढ़ोतरी की थी। अब वीटा का फुल क्रीम मिल्क 4 रुपये बढ़कर 76 रुपये का मिलेगा। वहीं, एक लीटर डबल टोंड मिल्क भी 2 रुपये महंगा हुआ है, जो अब 56 रुपये का मिलेगा। नए रेट जींद वीटा प्लांट के हैं। सिरसा और अंबाला वीटा प्लांट की तरफ से भी रेट लिस्ट बढ़ाने की तैयारी चल रही है।

यूएई : सड़क हादसा, 14 की मौत, भारतीय भी शामिल

अबुधाबी। यूएई के फजैराह अमीरात में गुरुवार देर रात भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में भारतीय भी शामिल है। ट्रक नियंत्रण खोकर दूसरे ट्रक से टकराया और पलट गया। हाईवे पर चल रहे अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए। हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हैं। भारतीय दूतावास ने कहा कि पीड़ितों को हरसंभव मदद दी जा रही है। मृतकों के परिजनों से संपर्क साध रहे हैं। मृतकों की पहचान की जा रही है।

अंडर-19 एशिया कप : 14 को भिड़ेंगे भारत व पाक

नई दिल्ली। भारतीय अंडर-19 टीम एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई है। 14 नवंबर को खिताबी मुकाबले में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। दोनों टीमें पिछली बार भी एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने थीं, जहां पाकिस्तान ने भारत को 191 रन से हराया था। गुरुवार को ओमान के मस्कट में खेले गए सेमीफाइनल में भारत ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 9 विकेट से मात दी।

मुंबई लोकल में लड़की से छेड़छाड़ विरोध करने पर दिया धक्का

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई की लोकल ट्रेन में छेड़छाड़ का विरोध करने पर 20 साल की लड़की को आरोपी ने ट्रैक पर धक्का दे दिया। ट्रेन की चपेट में आकर उसका हाथ कट गया, जबकि सिर में 16 टांके आए हैं। घटना 4 नवंबर की है। लड़की लोकल ट्रेन में गोरेगांव से नायगांव जा रही थी। आरोप है कि सफर के दौरान जितेंद्र हिरमुखे नाम के आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जब लड़की ने विरोध किया, तो दोनों के बीच हाथापाई हुई। ट्रेन रुकने पर आरोपी ने लड़की को धक्का दे दिया, जिससे वह दो कोच के बीच गिरी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित ने वीडियो में आपबीती सुनाई। उसने कहा, 'मैं गोरेगांव से ट्रेन में बैठी थी। मुझे नायगांव स्टेशन उतरना था। ट्रेन में वह मुझे गलत तरीके से छू रहा था। मैंने विरोध किया तो झगड़ा हो गया और मैं नीचे उतर गई।

■ ट्रेन के नीचे आने से हाथ कटा, सिर में 16 टांके आए

एक मंत्री और 7 विधायकों के टिकट काटे, सिर्फ 2 मौजूदा एमएलए को टिकट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) ने विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 31 नाम हैं। 2 सांसदों को भी टिकट दिया गया है। इनमें संगरूर से सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर को बरनाला से और होशियारपुर से सांसद डॉ. राज कुमार चब्बेवाल को फगवाड़ा से उम्मीदवार बनाया गया है। चब्बेवाल के विधायक बेटे इशांक चब्बेवाल को आप पहली लिस्ट में टिकट दे चुकी है। इससे पहले 31 अक्टूबर को 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई थी। इसमें मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत सभी मौजूदा विधायकों को दोबारा टिकट दिया गया था। पार्टी अब तक कुल 71 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है।

पंजाब में आप उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट में 31 नाम

2 सांसद विधानसभा चुनाव लड़ेंगे

5 बार के सीएम को हराने वाले खुड्डियां की टिकट कटी

आप ने दूसरी लिस्ट में कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां की लंबी विधानसभा सीट से टिकट काट दी है। 2022 के चुनाव में उन्होंने 5 बार के मुख्यमंत्री रहे अकाली नेता प्रकाश सिंह बादल को हराया था। उनकी सीट से अब उनके भतीजे रणधीर सिंह धीरा को टिकट दी गई है।

आरबीआई की तय लिमिट 6% से ऊपर निकली

रिटेल महंगाई 6.09 फीसदी 12 महीने में सबसे ज्यादा

नई दिल्ली। अक्टूबर में देश की रिटेल महंगाई दर बढ़कर 6.09% पर पहुंच गई है। सितंबर में यह 5.54% थी। यानी, एक महीने में महंगाई दर में 0.55% की बढ़ोतरी हुई। अक्टूबर में रिटेल महंगाई दर आरबीआई की तय 6% की ऊपरी सीमा भी पार कर गई है। आरबीआई ने देश में महंगाई दर की सीमा 4% से 6% तय की थी। रिटेल महंगाई बढ़ने की वजह खाने-पीने की चीजें महंगी होना है। अक्टूबर में दूध-अंडे और प्याज-लहसुन समेत रोजाना इस्तेमाल की चीजों के दाम बढ़े हैं। इससे अक्टूबर में खाद्य महंगाई 8.94% हो गई, जो सितंबर में 7.74% थी।

खाने-पीने की चीजों की 40% हिस्सेदारी

देश के कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी सीपीआई में खाने-पीने की चीजों की हिस्सेदारी करीब 40% है। यानी इनकी कीमतों में बदलाव का सीधा असर कुल महंगाई पर पड़ता है। अक्टूबर 2024 में खुदरा महंगाई 6% की सीमा पार कर 6.2% पर पहुंची थी। उस समय महंगाई का आंकड़ा सीपीआई की पुरानी सीरीज के आधार पर जारी किया गया था।

रेट गिरने से त्योहारों पर खूब खरीदारी

दिवाली और धनतेरस पर 30% ज्यादा बिका सोना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने की कीमत रिकॉर्ड 1.80 लाख रुपये से घटकर 1.42 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। यानी इसमें 38 हजार रुपये (21%) की गिरावट आई। इसके बाद धनतेरस और दिवाली पर पिछले साल के मुकाबले सोने की खरीदारी 30% बढ़ गई। इस दौरान देश में करीब 52 टन सोना खरीदा गया, जिसकी कीमत 72 हजार करोड़ रुपये रही। वहीं, चांदी की खरीदारी भी 10% बढ़कर 300 टन पहुंच गई। इसकी कीमत करीब 5,400 करोड़ रुपये रही।

इस वित्त वर्ष में सितंबर तक सोने की बिक्री की मात्रा पिछले साल के मुकाबले करीब 50% घट गई थी। इसकी वजह सोने की ऊंची कीमतें, इंपोर्ट ड्यूटी में बढ़ोतरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लोगों से सोना नहीं खरीदने की अपील बताई गई।



शादी के सीजन की शुरुआत ने भी बढ़ाई खरीदारी

कीमतें बढ़ने के कारण कई ग्राहकों ने सोना खरीदना टाल दिया था। अब कीमतों में गिरावट के बाद वे दोबारा बाजार में लौटे हैं। उनके मुताबिक, सोने की खरीदारी अभी भी जारी है। वहीं, इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, शादी के सीजन की शुरुआत ने भी खरीदारी बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

सोना 2,200 रुपये टूटा

कमजोर घरेलू बाजार के बीच बृहस्पतिवार को सोना 2,200 रुपये टूटकर 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार के बंद भाव 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम से 2,200 रुपये टूटकर 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। हालांकि, चांदी की कीमत 1,87,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

ऑल टाइम हाई से 2 लाख सस्ती हुई चांदी

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। चांदी की कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपये थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपये के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक चांदी 1.94 लाख रुपये सस्ती हो गई है। वहीं, 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपये थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपये के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 36 हजार रुपये सस्ता हो चुका है।

सोलापुर एयरपोर्ट पर हादसा टला

टेक ऑफ के दौरान रनवे से फिसला विमान, सभी सुरक्षित

एजेंसी ▶▶| सोलापुर

महाराष्ट्र के सोलापुर एयरपोर्ट पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब टेक-ऑफ के दौरान एक ट्रेनिंग विमान रनवे से फिसल गया। यह घटना तब हुई जब ट्रेनी पायलट विमान को टेक-ऑफ कराने की कोशिश कर रहा था, जिससे विमान रनवे से बाहर हो गया। पायलट को कोई चोट नहीं आई है। विमान में कितने लोग सवार थे, पता नहीं चल पाया है। विमान आगे की ओर झुका हुआ दिखाई दे रहा है, जिसका अगला हिस्सा जमीन को छू रहा है।



ये विमान एक महिला ट्रेनी पायलट उड़ा रही थी। यह घटना तब हुई जब ट्रेनी पायलट उड़ान भरने की कोशिश कर रही थी। ट्रेनिंग विमान रनवे से भटक गया और रनवे की सतह से फिसल गया। उड़ान भरते समय विमान का नियंत्रण कैसे खो गया, इसके सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। ट्रेनी पायलट को कोई चोट नहीं आई है।

फर्जी हाईकोर्ट आदेश से भारत में 'ब्लॉक' हुईं 129 बेटिंग वेबसाइट

नई दिल्ली। भारत में 129 ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट को ब्लॉक करने के मामले में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। इन वेबसाइट को हटाने के लिए दूरसंचार विभाग को राजस्थान और इलाहाबाद हाईकोर्ट के नाम से दो कथित अदालती आदेश भेजे गए थे। दस्तावेजों पर कोर्ट की मुहर, राष्ट्रीय चिह्न और जज के नाम तक मौजूद थे। जांच में पता चला कि दोनों आदेश असली नहीं थे। इस खुलासे के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और मामले की जांच शुरू हो गई है। दूरसंचार विभाग ने 21 जुलाई और 2 सितंबर 2026 को इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स को दो बार वेबसाइट ब्लॉक करने के निर्देश दिए थे। पहली बार 34 और दूसरी बार 95 बेटिंग वेबसाइट को ब्लॉक करने के लिए कहा गया।

नकली मुहर और नाम से हुआ खेल

चीनी जासूस से रिश्ते रखने का आरोप, 33 साल बाद छोड़ा पद

हनीट्रैप में एनवीडिया के सीईओ हुआंग का इस्तीफा

रिश्तों का खुलासा होने के बाद कंपनी की वैल्यू 27 लाख करोड़ घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी एआई चिप कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन पर चीनी जासूस से रिश्ते रखने का आरोप है। कंपनी की चीफ फाइनेंस ऑफिसर और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट कॉलिट क्रेस को अंतरिम सीईओ की जिम्मेदारी दी गई है। हुआंग और चीनी एजेंट एलिस की करीबी मुलाकातों का खुलासा हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक, सिंगापुर की कंपनी मेगास्पीड की पूर्व अधिकारी एलिस चीन की खुफिया एजेंसी के लिए काम कर रही थीं। इस घटनाक्रम के खुलासे के बाद कंपनी की वैल्यू 27 लाख करोड़ घट गई।

जेन्सन ने अफेयर की बात मानी, लिखा- गलती हुई

खुलासे के 2 दिन बाद, एक नवंबर को जेन्सन हुआंग ने एनवीडिया के सभी कर्मचारियों को इंटरनल मैसेज भेजकर माना कि वे अपनी पत्नी के प्रति वफादार नहीं रहे। हुआंग ने लिखा, मेरे इस कदम से मेरी पत्नी और बच्चों को गहरा दुख पहुंचा है। मुझे इसका पछतावा है। मेरी जिम्मेदारी आप सभी का भरोसा बनाए रखने की थी, लेकिन मैं इसमें नाकाम रहा। हालांकि, अपने इस संदेश में उन्होंने किसी महिला का नाम नहीं लिया।



सिंगापुर की कंपनी मेगास्पीड की पूर्व अधिकारी एलिस चीन की खुफिया एजेंसी के लिए कर रही काम

फोर्ब्स की लिस्ट में 10वें नंबर पर खिसके हुआंग, नेटवर्थ 6.80 बिलियन घटकर 155.4 बिलियन डॉलर हुई

एलिस पहले चीन में रिपोर्टर थीं, फिर सिंगापुर की कंपनी में अधिकारी

एलिस की ऑनलाइन प्रोफाइल के मुताबिक, उन्होंने चीन में टीवी रिपोर्टर के तौर पर काम किया था। उनकी प्रोफाइल में एचएसबीसी, सीसीटीवी और हुनान टीवी जैसे संस्थानों का भी जिक्र था। हालांकि, इन जानकारियों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। बाद में वह शंघाई के एक निवेश फंड से जुड़ीं। इस फंड के संबंध चीन की कई तकनीकी कंपनियों और निवेशकों से बताए जाते हैं। इसके बाद एलिस सिंगापुर की डेटा सेंटर कंपनी मेगास्पीड इंटरनेशनल में वरिष्ठ अधिकारी बन गईं। यह कंपनी दक्षिण-पूर्व एशिया में डेटा सेंटर चलाती है और दूसरी कंपनियों को कंप्यूटर की क्षमता किराए पर देती है। इसी क्षमता का इस्तेमाल बड़ी मात्रा में डेटा प्रोसेस करने और एआई सिस्टम चलाने में होता है।

खबर संक्षेप

संत नामदेव की शिक्षाएं मानवता से प्रेरित : राव

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि संत शिरोमणि नामदेव महाराज की शिक्षाएं आज भी समाज को आपसी भाईचारे, प्रेम, समानता, मानवता और श्रम के सम्मान का संदेश देती हैं। संत-महापुरुष किसी एक जाति या वर्ग के नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर ही अच्छे समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। राज्य सरकार ओबीसी समाज को शिक्षा, आरक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और उनके विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

97 में से 56 कॉलेजों में प्रिंसिपल तक नहीं: इनेलो

चंडीगढ़। इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने हरियाणा के सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों में शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों के हजारों पद खाली होने पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि बीजेपी सरकार प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर बदहाल कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 97 सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों में शिक्षकों और गैर शिक्षकों के कुल स्वीकृत पदों में से 50 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि 97 कॉलेजों में से 56 में प्रिंसिपल तक नियुक्त नहीं हैं।

70% एमओयू को धरातल पर उतारने का लक्ष्य

चंडीगढ़। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए हुए एमओयू को धरातल पर उतारना सरकार की प्राथमिकता है। नई उद्योग नीति के तहत हुए एमओयू में से कम से कम 70 प्रतिशत को वास्तविक परियोजनाओं में बदलने का लक्ष्य रखा गया है। राव नरबीर सिंह ने बृहस्पतिवार चंडीगढ़ सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि जून माह में हरियाणा इन्वेस्टर रोड शो एवं पॉलिसी लॉन्च के बाद प्रदेश में 2 लाख 37 हजार करोड़ रुपये के 123 एमओयू तथा 9,600 करोड़ रुपये के अतिरिक्त एमओयू साइन हुए हैं। इनमें से 1 लाख 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर कार्य शुरू हो चुका है।

भारत मंडपम में कृषि सम्मेलन में सीएम सैनी ने रखा हरियाणा सरकार का विजन

किसानों की आय बढ़ाने और खेती की लागत घटाने पर सरकार का जोर : सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा की संस्कृति और कृषि एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। हरियाणा का किसान अपनी मेहनत और पसीने के बल पर देश के अन्न भंडार भरने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्रदेश के किसानों ने कृषि क्षेत्र में अपनी मेहनत से हरियाणा को एक अलग पहचान दिलाई है। हरियाणा सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान, फसल की उचित कीमत, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य और फसल विविधीकरण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि किसान केवल पारंपरिक खेती तक सीमित न रहें, बल्कि आधुनिक तकनीक, नई फसलों और कृषि आधारित उद्योगों को अपनाकर अपनी आमदनी में वृद्धि करें।

मुख्यमंत्री नायब सैनी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कृषि सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेहनती किसानों ने अपनी लगन और परिश्रम से न केवल हरियाणा को कृषि के क्षेत्र में अग्रणी बनाया, बल्कि देश के खाद्यान्न भंडार को भरने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच हमेशा किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की रही है।



रेणुकाजी, किशाऊ और लखवार बांधों से मिलेगा अतिरिक्त पानी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पांच राज्यों के बीच रेणुकाजी, किशाऊ और लखवार बांध परियोजनाओं को लेकर समझौता किया गया है। इन परियोजनाओं से प्राप्त होने वाला पानी हरियाणा सहित दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी उपलब्ध होगा। इन परियोजनाओं से भविष्य में जल उपलब्धता को मजबूत करने में मदद मिलेगी। सरकार का प्रयास है कि प्राकृतिक जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की गारंटी दी है।

सिंचाई व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सिंचाई व्यवस्था के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। अमृत सरोवर योजना के तहत लगभग 2,000 तालाबों पर काम किया जा रहा है। नए तालाबों का निर्माण और पुराने तालाबों का पुनर्जीवन किया जा रहा है, ताकि वर्षा जल का संरक्षण हो और भूजल स्तर में सुधार लाया जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार नहरों और ड्रेनों की मरम्मत, पुनर्वास एवं सुदृढ़ीकरण पर भी विशेष ध्यान दे रही है, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके। इससे किसानों को फायदा होगा।

केंद्रीय मंत्री चौहान के माता के निधन पर शोक जताया



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को भोपाल पहुंचे, जहां उन्होंने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आवास पर पहुंचकर उनकी माताजी स्वर्गीय काशी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने इस दुख की घड़ी में अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस मौके पर अन्य वरिष्ठ नेताओं ने काशी बाई के निधन पर शोक जताया।

किलोमीटर स्कीम की बसों की नंबर प्लेट पर ग्रीस मिट्टी लगाने के आरोप

■ राज्य सूचना आयोग ने दो माह में मांगी रिपोर्ट

पंचकूला। हरियाणा में किलोमीटर स्कीम के तहत चलने वाली बसों की नंबर प्लेट पर ग्रीस या मिट्टी लगाकर पंजीकरण नंबर छिपाने के आरोपों को राज्य सूचना आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग ने इस मामले में हरियाणा परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को तथ्यात्मक जांच कराने की सिफारिश की है। जांच किसी सक्षम विभागीय अधिकारी या समिति के माध्यम से कराई जाएगी। आयोग ने जांच दो माह के भीतर पूरी करने और कार्रवाई की रिपोर्ट संबंधित अपीलकर्ता के साथ साझा करने को कहा है। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. अजय सूरा ने 8 अक्टूबर 2026 को अपील संख्या 4706/2026 में यह आदेश जारी किया। मामला आरटीआई कार्यकर्ता सुरेंद्र सिंह अहलावत की ओर से दायर द्वितीय अपील से जुड़ा है।

उन्होंने परिवहन विभाग से किलोमीटर स्कीम के तहत संचालित बसों के पंजीकरण नंबर सहित अन्य जानकारियां मांगी थीं। सुनवाई के दौरान अहलावत ने आयोग को बताया कि विभाग की ओर से उन्हें पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। उनके अनुसार, केवल झज्जर जिले से संबंधित सूचना दी गई, जबकि अन्य जिलों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि किलोमीटर स्कीम की कुछ बसों के चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हैं। सुनवाई के दौरान परिवहन विभाग के प्रतिनिधि मोहित कुमार ने ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि विभाग ने 25 नवंबर 2025, 22 दिसंबर 2025 और 6 फरवरी 2026 को पत्रों के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई थी।

■ आरटीआई में परिवहन विभाग झज्जर को छोड़कर अन्य जिलों का ब्योरा नहीं दिया

यातायात नियमों का कर रहे उल्लंघन

इतना ही नहीं, वाहनों की नंबर प्लेट पर ग्रीस या मिट्टी लगा दी जाती है, ताकि आम लोग बस का नंबर पहचानकर यातायात नियमों के उल्लंघन की शिकायत न कर सकें।

संदेह कितना भी गहरा हो, सबूत की जगह नहीं ले सकता: हाईकोर्ट

■ 26 साल पुराने हत्याकांड में भाइयों को राहत बरकरार

चंडीगढ़। करीब 26 साल पुराने हत्याकांड में बृजेश और सतबीर को बरी करने का फैसला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बरकरार रखा है। दोनों पर जमीन विवाद के चलते अपने भाई उर्जेश की हत्या करने का आरोप था। अदालत ने कहा कि केवल संदेह या परिस्थितियों के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अभियोजन को परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की पूरी और मजबूत कड़ी पेश करनी होती है। जस्टिस अर्चना पुरी और जस्टिस हरमीत सिंह देओल की खंडपीठ ने हरियाणा सरकार की अपील खारिज कर दी। अदालत ने निचली अदालत के 29 अप्रैल 2003 के बरी करने के फैसले को सही ठहराया। मामला 19 अक्टूबर 2000 का है। गुरुग्राम में राष्ट्रीय राजमार्ग-8 पर गांव शिकोहपुर के पास अपनो घर के सामने एक युवक



का शव मिला था। उसकी पहचान उर्जेश के रूप में हुई। पुलिस को उसके पास से पहचान पत्र और हरियाणा रोडवेज का पास मिला था। उर्जेश के पिता कुलवंत सिंह ने शुरुआती बयान में किसी पर हत्या का संदेह नहीं जताया था। उसी दिन बाद में दिए पूरक बयान में उन्होंने बेटे बृजेश का नाम लिया। अभियोजन का दावा था कि पिता की जमीन को लेकर दोनों भाइयों में विवाद था और इसी रंजिश में उर्जेश की गला घोंटकर हत्या की गई। पुलिस ने कहा था कि आरोपितों ने सुरजीत सिंह के सामने हत्या की बात कबूल की थी।

पार्ट टाइम कहकर पक्का करने से इनकार नहीं कर सकते

■ 35 साल से सफाई कर रही महिला को हाईकोर्ट से राहत

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी कर्मचारी की नियुक्ति शुरुआत में अंशकालिक आधार पर हुई थी, केवल इस वजह से उसके नियमितीकरण की मांग खारिज नहीं की जा सकती। सार्वजनिक संस्थान यदि दशकों तक उससे नियमित और आवश्यक प्रकृति का काम लेता रहा है, तो कर्मचारी की वास्तविक सेवा परिस्थितियों और काम की प्रकृति पर भी विचार करना होगा। जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस मिंदरजीत यादव की खंडपीठ ने पानीपत निवासी शाबो देवी की अपील स्वीकार करते हुए एकल पीठ का पांच फरवरी 2024 का फैसला रद कर दिया। अदालत ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) को निर्देश दिया कि वह कानून और फैसले में दर्ज निष्कर्षों के अनुसार आठ सप्ताह के

■ बीबीएमबी आठ सप्ताह में नियमितीकरण पर लेगा फैसला

भीतर उनके नियमितीकरण के दावे पर निर्णय ले। शाबो देवी को बीबीएमबी ने एक सितंबर 1991 को अंशकालिक सफाई कर्मचारी नियुक्त किया था। उनका कहना था कि वह तीन दशक से अधिक समय से लगातार सेवाएं दे रही हैं और उनका काम तथा आचरण संतोषजनक रहा है। बोर्ड ने 2001, 2004 और 2012 में नियमितीकरण की नीतियां बनाई थीं, लेकिन अंशकालिक कर्मचारी होने के कारण उन्हें इनका लाभ नहीं मिला। महिला ने बोर्ड के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। एकल पीठ ने याचिका खारिज कर दी थी, खंठपीड से महिला कर्मचारी को राहत मिली।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर डाई-इलैक्ट्रिक ट्यूब सीलर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	11.11.2026 25.11.2026	92,50,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentcgm2020@gmail.com
2	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर पोर्टेबल हैंड हेल्ड ट्यूब सीलर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	12.11.2026 26.11.2026	5,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentcgm2020@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/50958/I/88/6 दि. 12.11.26

उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना बारे

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर 23.11.2026 से 27.11.2026 तक निम्न प्रकार से पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया जाना है:

क्र. सं.	दिनांक	प्रशिक्षण की अवधि (दिनों में)	प्रशिक्षण का विषय	प्रशिक्षणार्थियों की संख्या
1	23.11.2026 से 27.11.2026	5	उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेतीं पर प्रशिक्षण	10

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसान अपना ऑनलाईन नामांकन बागवानी विभाग, हरियाणा की वेब साईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर करें। जो दस किसान सबसे पहले ऑनलाईन नामांकन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवाऐंगे, उन्हें ही प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान श्री सुरेश चंद, विषय वस्तु विशेषज्ञ (Mob No-9671627548) से सम्पर्क करें।

प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया निम्न प्रकार से है:-

1. प्रार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन http:kaushal.hortharyana.gov.in पोर्टल पर दिनांक 20.11.2026 शाम 03:00 बजे तक कर सकता है।
2. प्रार्थी हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
3. आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान अपने साथ लेकर आये।
4. चयनित किसानों के नाम बागवानी विभाग की वेबसाईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर दिनांक 20.11.2026 को शाम 03:30 बजे तक अपलोड कर दिये जाएंगे।
5. प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए।
6. प्रशिक्षण हेतु आवेदन एक परिवार पहचान पत्र (PPP) से एक सदस्य ही कर सकता है।
7. किसानों के भोजन की व्यवस्था निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा की जायेगी।
8. प्रशिक्षण केन्द्र पर रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।
पीआरडीएच-1149/11/1282/2027/50964/88/6 दि. 12.11.2026

विधानसभा सत्र को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति

चंडीगढ़/दिल्ली। आगामी रणनीति और विधानसभा के सत्र व पार्टी कार्यक्रमो पर चर्चा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की नेतृत्व में कांग्रेस विधायक दल की हरियाणा भवन दिल्ली महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी विशेष रूप से शामिल हुए। सबसे पहले तीनों नेताओं ने 1 नवंबर को दिल्ली में हुई विपक्ष की महारैली को सफल बनाने के लिए पार्टी विधायकों की सराहना की और प्रदेश की जनता का आभार जताया। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि तमाम विधायकों ने आने वाले विधानसभा सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों पर भी चर्चा की। मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज में जारी विद्यार्थियों के आंदोलन को समर्थन देते हुए कांग्रेस ने कहा कि छात्रों की मांग पूरी तरह जायज है। उन्हें जरूरत के मुताबिक पूरा स्टाफ और सुविधाएं मिलनी चाहिए।

■ दिल्ली के हरियाणा भवन नेता प्रतिपक्ष की अध्यक्षता में बैठक

सफाई कर्मचारियों को सौगातें दे रही सरकार

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने राज्य के कर्मचारियों और सफाई कर्मियों के कल्याण की दिशा में कई बड़े कदम उठाते हुए सौगातें दी हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी दी है कि 'नॉन स्टॉप हरियाणा - समर्थ कर्मचारी, सशक्त प्रदेश' के विजन के तहत सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में ग्रामीण सफाई कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी करते हुए इसे पहले 15,000 रुपये से बढ़ाकर 16,000 रुपये और फिर पुनः बढ़ाकर 18,100 रुपये कर दिया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने कर्मचारियों की सुरक्षा और बीमा कवर को भी काफी मजबूत किया है। कर्मचारियों का आंशिक दिव्यांगता बीमा कवर 10 गुना बढ़ाकर 5 लाख रुपये से सीधा 50 लाख रुपये कर दिया गया है, जबकि स्थाई कर्मचारियों की व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा राशि को 30 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया गया है। इसके साथ ही, स्थाई कर्मचारियों का परमानेंट टर्म इंश्योरेंस भी दोगुना करते हुए 2 लाख से बढ़ाकर 4 लाख रुपये किया गया है।

पं. भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक

इस संस्थान के विभिन्न विभागों में केवल छह माह की अवधि हेतु अर्थात् सत्र 01.01.2027 से 30.06.2027 हेतु हरियाणा सरकार के अनुमोदन के अनुरूप 7वें सीपीसी के अनुसार एफपीएल-10 में रु. 56100 + डीए के पारिश्रमिक पर सीनियर / जूनियर हाउस सर्जन के 153 रिक्त पदों को भरने के लिये पात्र चिकित्सा स्नातकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। संभाव्य उम्मीदवारों को सामान्य श्रेणी हेतु रु. 500/- और हरियाणा निवासी के एससी / बीसी इत्यादि हेतु रु. 125/- की दर से निदेशक (लेखा शाखा) के कार्यालय के काउंटर से प्राप्य निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना चाहिए।

सम्पर्क टेलीफोन नं. सहित सभी प्रकार से विधिवत् पूर्ण आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 01.12.2026 तक ठीक अप. 5.00 बजे तक अवश्य पहुंच जाने चाहिएं। अधिक विस्तृत शर्तों और पात्रता हेतु हमारे संस्थान की वेबसाइट www.uhsr.ac.in और www.pgimsrohtak.ac.in देखें।

हस्ता/- चिकित्सा अधीक्षक
संवाद-1241/11/91/2027/50967/सी/88/6 दि. 12.11.26

"हाई-टेक नर्सरी में सब्जियों की पौध की अग्रिम बुकिंग सूचना बारे"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उद्यान विभाग, हरियाणा द्वारा सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र, घरौंड़ा पर रबी मौसम की सब्जियों (तरबूज, खरबूज, खीरा, शिमलामिर्च, सभी बेल वाली सब्जिया इत्यादि) की पौध तैयार करने का कार्य आरंभ हो चुका है जिसमें किसान अपने खेत से संबंधित सब्जी फसल का बीज लेकर केन्द्र पर अपनी स्वस्थ पौध तैयार करवाने हेतु संपर्क कर सकता है। आपकी स्वस्थ सब्जी की पौध निर्धारित समयसीमा में तैयार करके आपको उपलब्ध करवा दी जाएगी एवं विभागीय नियमानुसार कार्य पूर्ण करने उपरांत आपकी जो राशि सब्सिडी के तहत बनेगी उसकी अदायगी डी.बी.टी. के माध्यम से आपके खाते में जमा करवा दी जाएगी।

केन्द्र पर स्थित हाई-टेक ग्रीन हाउस का साईज 1792 स्केयर मीटर है। जिसमें उपलब्ध स्थान को मध्यनजर रखते हुए किसानों की पौध बुकिंग पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर की जाएगी।

सब्जियों की पौध बुकिंग हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूचीः आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक / चैक की कॉपी, परिवार पहचान पत्र, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, पासपोर्ट साईज फोटो इत्यादि।

अधिक जानकारी हेतु श्री गुरदेव, नर्सरी विशेषज्ञ के मो. नं. 90344-45121 से सम्पर्क करे।

उप-निदेशक उद्यान, सी.ई.वी., घरौंडा (करनाल)
पीआरडीएच-1149/11/1280/2027/50946/88/6 दि. 12.11.26

उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

फूल व सब्जियों की तैयार पौध पैक करने के लिए Corrugated boxes की खरीद हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर हाईटैक ग्रीनहाउस में फूल व सब्जियों की तैयार पौध पैक करने के लिए Corrugated Boxes की खरीद की जानी है जिसके लिए केन्द्र पर खुले बाजार से मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती है।

खरीदे जाने वाले सामान का विवरण निम्न प्रकार से है :-

Sr. No.	Item Name	Unit	Specification	Approx. Quantity	Amount in rupees per Nos.(including all taxes)
01	Corrrugated Boxes	Nos.	3-ply corrugated box of size 19x15x8 inches, with 180 GSM Kraft paper (22 BF) for the outer layer, 140 GSM Semi-Kraft paper (18 BF) for the inner layer, broad fluting, two colour printing with dye writing, brushing strength of 7.5 kg/cm2 and a minimum box weight of 550 grams.	2500	

1. इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन अपनी फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 19.11.2026 तक सांय 04:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/पोस्ट / कुरियर के माध्यम से जमा करवा सकते है।
2. कुटेशनों का आकंलन कमेटी द्वारा किया जाएगा। अतः सबसे कम कुल कीमत वाली कुटेशन को स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशनों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केंद्र की आंकलन कमेटी के पास होंगे।
3. Corrugated Boxes को निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय तक पहुँचाना होगा।
4. Corrugated Boxes की मात्रा आवश्यकतानुसार कम या अधिक हो सकती है।
5. इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए डॉ. सुरेश चंद (Mob no.9671627548) पर संपर्क कर सकते है।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।
पीआरडीएच-1149/11/1281/2027/50963/88/6 दि. 12.11.2026

गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण का लाइसेंस देने का मामला

इलेवन पावर का लाइसेंस रद्द कराने की तैयारी, डीएचबीवीएन पहुंचा एचईआरसी

रिव्यू पिटीशन पर अगले माह होगी सुनवाई

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण का लाइसेंस निजी कंपनी को देने के मामले में अब दिसंबर में सुनवाई होगी। भले ही बिजली कर्मचारी संगठनों, इंजीनियर्स एसोसिएशन ने हड़ताल वापस ले ली हो लेकिन निजी कंपनी को लाइसेंस देने का मामला अभी ठंडा नहीं पड़ा है। एचईआरसी ने 19 अक्टूबर के लाइसेंस आदेश को औपचारिक रूप से रद्द नहीं किया है।

यही कारण है कि निर्देशों के कारण उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया रुकी हुई है। पूरे मामले में दिसंबर में रिव्यू पिटीशन पर सुनवाई में आयोग के रुख पर सभी की निगाहें रहेंगी। यह भी निश्चित है कि सुनवाई के बाद ही तय होगा कि लाइसेंस देने के फैसले की समीक्षा किस दिशा में आगे जाती है। गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण का लाइसेंस हासिल करने वाली इलेवन पावर लिमिटेड के लिए मुश्किलें और बढ़ चुकी हैं।

निजी कंपनी के ऑपरेशन पर सरकार के निर्देशों से पहले ही ब्रेक लग चुका है, अब दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) ने लाइसेंस रद्द कराने के लिए हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) में रिव्यू पिटीशन दाखिल कर दी है। निगम ने आयोग के 19 अक्टूबर के लाइसेंस संबंधी फैसले की समीक्षा के साथ ही इसे पूरी तरह निरस्त करने की मांग की है। आयोग ने याचिका स्वीकार कर ली है। इस पर दिसंबर में सुनवाई होने की संभावना है।

धारा 94(1)(एफ) के तहत दाखिल की याचिका

डीएचबीवीएन ने बिजली अधिनियम-2003 की धारा 94(1)(एफ) के तहत यह रिव्यू पिटीशन दाखिल की है, अहम बात यह है कि प्रावधान के तहत नियामक आयोग को पहले दिए निर्णय की समीक्षा करने का अधिकार है। निगम ने इसी कानूनी प्रावधान के आधार पर आयोग के पुराने फैसले को दोबारा जांचने और इलेवन पावर को जारी लाइसेंस पूरी तरह रद्द करने की मांग उठाई है। एचईआरसी ने 19 अक्टूबर को गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण के लिए इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को लाइसेंस जारी किया था। कंपनी ने 21 अक्टूबर को लाइसेंस की शर्तें स्वीकार करने की सहमति दी और 23 अक्टूबर को आयोग को बताया कि वह लाइसेंस लागू करने के लिए जरूरी कानूनी और नियामकीय प्रक्रिया पूरी कर रही है। लाइसेंस जारी होते ही प्रदेश के बिजली कर्मचारियों और अधिकारियों ने विरोध शुरू कर दिया। कर्मचारी संगठनों ने इसे बिजली वितरण व्यवस्था और निगमों के भविष्य से जुड़ा मुद्दा बनाते हुए प्रदेशव्यापी विरोध किया।

खबर संक्षेप



रोडरेज में सेल्स मैनेजर की हत्या का आरोपी 70 वर्षीय पूर्व सरपंच पकड़ा

गोहाना। बुधवार को दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस वे पर डे बैक कम्पनी रोहतक के सेल्स मैनेजर प्रह्लाद की हत्या के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रोहतक का आसन निवासी व हाल शीला बाइपास निवासी रामचंद्र (70) को दो दिन के रिमांड पर लिया है। प्रह्लाद इसी शोरूम के मेंटेनेंस मैनेजर हरिओम के साथ मंगलवार को कैथल में नए शोरूम की ओपनिंग के लिए गया था। वहां से वापस रोहतक लौटते हुए रुखी टोल से पहले उनकी गाड़ी को एक अन्य गाड़ी द्वारा पीछे से टक्कर मारने पर विवाद हो गया। टक्कर मारने वाली गाड़ी में मौजूद दो व्यक्तियों में से एक ने प्रह्लाद पर गोली चला दी। बताया जा रहा है कि आरोपी रामचंद्र आसन का पूर्व सरपंच रह चुका है। बुधवार को वह अपने बेटे से मिलकर डलहौजी से रोहतक आ रहा था।

कुरुक्षेत्र में 15 नवंबर को अतिथि अध्यापक करेंगे सीएम कार्यालय का घेराव

नूंह। शिक्षा विभाग द्वारा अतिथि अध्यापकों के खिलाफ नकारात्मक स्पीकिंग ऑर्डर जारी करना अदालत की अवमानना है। इसको लेकर 15 नवंबर को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के समक्ष मॉक पार्लियामेंट आयोजित कर घेराव किया जाएगा। बृहस्पतिवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय रहपवा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के राज्य प्रधान दिनेश यादव, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य प्रधान प्रभु सिंह, राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के जिला प्रधान नाजिर खान और हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के नूंह जिला प्रधान अरशद खान ने यह जानकारी दी।

छेड़छाड़ के विरोध पर घर आकर परिवार पर हमला पिस्तौल भी लहराई

फरीदाबाद। दिव्यांग पति और भांजी के साथ टहलने निकली महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। विरोध के बाद जब परिवार घर पहुंचा तो आरोपी वहां भी घुस आए और परिवार के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आए महिला के देवर को भी पीटा। आरोपियों ने पिस्टल निकालकर जान से मारने की धमकी भी दी। इस वारदात का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें पीड़ित परिवार के घर के बाहर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। एक युवक हाथ में पिस्टल लेकर धमकाता नजर आ रहा है, जबकि कुछ लोग उसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उधर, पुलिस ने परिवार की शिकायत पर 3 नामजद आरोपियों सहित करीब 20 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है। महिला ने बताया कि इससे पहले आरोपी के साथ उनका बिजली की तार जोड़ने को लेकर भी विवाद हुआ था। तब समझौता हो गया था।

कैथल और फरीदाबाद में एनकाउंटर कर पुलिस ने तीन को दबोचा

एक करोड़ की रंगदारी मांगने वाले दो बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, पैर में गोली मारकर पकड़ा

■ पंजाब निवासी दोनों आरोपियों से पुलिस ने दो देसी पिस्तौल, कारतूस और मोबाइल बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




कैथल। अस्पताल में उपचाराधीन रंगदारी मांगने के आरोपित।

कैथल पुलिस की एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद काबू किया है। पाडला-गुहणा रोड पर गांव दुंधरेहड़ी की तरफ जाने वाले रास्ते के मोड़ पर हुई इस मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी। दोनों आरोपियों को पुलिस ने काबू कर उपचार के लिए नागरिक अस्पताल कैथल पहुंचाया। आरोपियों की पहचान गुरकिरत सिंह उर्फ गोरा निवासी तीमोवाल तथा कर्मवीर सिंह उर्फ मान निवासी राणाकलां, जिला अमृतसर (पंजाब) के रूप में हुई है।

डीएसपी रमेश चंद्र ने बताया कि एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार जिले में अपराधियों की धरपकड़ और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एंटी एक्सटॉर्शन सेल प्रभारी एएसआई तरसेम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव बाबा लदाना बस अड्डा के पास मौजूद थी। सूचना मिली कि गांव पाडला निवासी एक व्यक्ति से एक करोड़ रुपये की रंगदारी की धमकी मिली हुई है। उसके घर पर फायरिंग करने के लिए पंजाब के दो युवक पाडला बस अड्डे के आसपास देखे गए हैं। दोनों युवक बिना नंबर प्लेट की काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार थे। एएसआई तरसेम कुमार ने तुरंत थाना सदर कैथल के प्रबंधक अफसर और कंट्रोल रूम को सूचित किया। इसके बाद पुलिस टीम ने रेडिंग पार्टी तैयार कर पाडला, गुहणा सहित आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध युवकों की तलाश शुरू की। अल सुबह करीब 3:50 बजे पाडला-गुहणा रोड से गांव दुंधरेहड़ी की तरफ जाने वाले रास्ते के मोड़ पर आरोपी दिखाई दिए। पुलिस की गाड़ी को नजदीक आता देखकर दोनों युवक मोटरसाइकिल सहित दुंधरेहड़ी की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया तो करीब 200 मीटर आगे कच्चे रास्ते पर उनकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। इसके बाद दोनों युवक अंधेरे का फायदा उठाकर पेड़ों की आड़ में छिप गए।

सरेंडर का कहा तो आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर सीधी फायरिंग शुरू कर दी। आरोपियों द्वारा चलाई गई एक गोली मुख्य सिपाही देवेंद्र कुमार की छाती पर लगी। हालांकि उन्होंने पहले से बुलेट प्रूफ जैकेट पहन रखी थी, जिस कारण उनका बचाव हो गया। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी और वे घायल होकर मौके पर गिर पड़े। पुलिस टीम ने दोनों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक देशी पिस्तौल .32 बोर, एक देसी पिस्तौल .315 बोर, एक जिंदा कारतूस .315 बोर तथा दो मोबाइल फोन बरामद हुए। डीएसपी ने बताया की गांव पाडला निवासी व्यक्ति से 24 अक्टूबर को रंगदारी मांगी गई थी।

पुलिस ने मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर एक को दबोचा



फरीदाबाद। ऊंचा गांव में क्राइम ब्रांच और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है। घायल आरोपी की पहचान विमल निवासी सुभाष कॉलोनी के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से एक पिस्टल, तीन कारतूस, दो खाली खोल और चोरी की एक बाइक बरामद की है। आरोपी को इलाज के लिए सिविल अस्पताल फरीदाबाद में भर्ती कराया गया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि बीती रात ऊंचा गांव क्राइम ब्रांच की टीम थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में गश्त पर थी। जहां पर चोरी की बाइक से जाते हुए विमल को रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिसकर्मियों पर दो राउंड फायर कर दिए। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी विमल का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ चोरी के करीब 20 मामले दर्ज हैं।



भाजपा नेता ने कांग्रेस नेता की तारीफ की

सोनिया गांधी की किताब में सैलजा का जिक्र आना उनके कद का प्रमाण : किरण

■ सैलजा हरियाणा की दिग्गज नेता, इसमें कोई दो राय नहीं; : किरण चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य किरण चौधरी ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा की सराहना करते हुए कहा कि सैलजा हरियाणा की दिग्गज नेता हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है। सोनिया गांधी की आत्मकथा में उनका नाम और उल्लेख आना उनके राजनीतिक अनुभव और लंबे राजनीतिक सफर के संदर्भ में महत्वपूर्ण है। किरण चौधरी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा नायब सैनी जैसा कर्मठ, ईमानदार और मिलनसार मुख्यमंत्री मिलना सौभाग्य की बात है। गौरतलब है कि एक समय में कांग्रेस में रहते हुए किरण व सैलजा के बीच राजनीतिक खेमेबंदी बड़ी मजबूत थी। इसके बाद किरण चौधरी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गई।

प्रदेश में आने वाला वक्त सैलजा का : गोगी



चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस के पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी का कहना है कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी की किताब में सांसद व पूर्व मंत्री सैलजा का जिक्र होना हरियाणा के लिए भी गौरव का विषय है। गोगी ने कहा कि सोनिया गांधी की किताब में सैलजा की तारीफ से साफ संकेत हैं कि आने वाले वक्त में सैलजा ही प्रदेश के अंदर नेतृत्व करेंगी। शमशेर सिंह गोगी ने यह बात चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत के दौरान कही।

सिखों ने किया किताब का विरोध, लगाई आग

नई दिल्ली के रकाबगंज गुरुद्वारे में सिखों व सिख दंगा पीड़ितों के परिवारों ने सोनिया गांधी की किताब की प्रतियां जलाईं। उन्होंने सिख दंगों से जुड़े तथ्यों को गलत पेश करने का आरोप लगाया।

ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर में बाइक सवार दो लोगों की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

काकडौद के निकट ट्रैक्टर ट्राली से हुई भिड़ंत में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक किसान तो दूसरा पेस्टीसाइड विक्रेता था। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार ट्रैक्टर ट्राली के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव काकडौद निवासी संदीप (32) तथा रणधीर (45) बीती देर शाम बाइक पर सवार होकर उचाना मंडी से अपने घर वापस लौट रहे थे। जब दोनों गांव के निकट पहुंचे तो उनकी बाइक सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम चालक ट्रैक्टर ट्राली समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल उचाना पहुंचाया। जहां चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक संदीप के चाचा राममेहर ने पुलिस को बताया कि उसका भतीजा संदीप उचाना मंडी में पेस्टीसाइड की दुकान चलाता था। गांव का ही रणधीर फसल बेचने के लिए उचाना मंडी में आया हुआ था। बीती देर शाम दोनों बाइक पर सवार होकर उचाना मंडी से घर लौट रहे थे। गांव के निकट ही सड़क पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली के पीछे से उनकी बाइक जा भिड़ी, जिसमें दोनों की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक संदीप के चाचा राममेहर की शिकायत पर ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

ईंटों के चूल्हे पर खाना बनाते समय ब्लास्ट तीन वर्षीय मासूम की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवानी मंडी



गांव मंढोली खुर्द में बुधवार देर शाम को एक दर्दनाक हादसे ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दी। घर में ईंटों से बने चूल्हे पर खाना बनाते समय अचानक जोरदार ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना भीषण था कि चूल्हे के ऊपर रखा तवा कई टुकड़ों में बिखर गया और आसपास रखा सामान दूर जा गिरा। हादसे में तीन वर्षीय मासूम शिव प्रवेश की मौत हो गई जबकि 7 से 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हिसार के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

जानकारी के अनुसार, अनूप का परिवार गांव में किराए के मकान में रहता है। बुधवार शाम करीब सवा 7 बजे उसकी पत्नी सपना घर में बने ईंटों के चूल्हे पर खाना पका रही थी। सपना के अनुसार चूल्हे पर आधे से अधिक खाना बन चुका थी, तभी अचानक जोरदार धमाका हुआ। किसी को संभलने तक का मौका नहीं मिला। ब्लास्ट की चपेट में आकर तीन वर्षीय शिव प्रवेश गंभीर रूप से प्रभावित हुआ और उसकी मौत हो गई। वहीं सपना, सोनाक्षी, रेनू, मुकेश और कर्णजीत सहित कई लोग घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, धमाका इतना तेज था कि चूल्हे के ऊपर रखा तवा भी कई टुकड़ों में बिखर गया। तवे के टुकड़े और आसपास का सामान वहां मौजूद लोगों को जा लगा। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। ईंटों से बने चूल्हे में अचानक ब्लास्ट कैसे हुआ, इसका अभी खुलासा नहीं हो पाया है।

पत्नी से विवाद, एएसआई ने सर्विस स्टेशन पर फंदा लगाया

हरिभूमि न्यूज़ करनाल



मधुबन पुलिस अकादमी में थे तैनात, चार महीने से पत्नी अलग रह रही थी

हरियाणा पुलिस में तैनात एएसआई ने कार सर्विस स्टेशन पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मुकेश कुमार (45) के रूप में हुई है। वह मधुबन स्थित हरियाणा पुलिस अकादमी में एएसआई के पद पर तैनात थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू की। परिजनों के अनुसार मुकेश कुमार पिछले करीब चार महीने से पत्नी के साथ चल रहे विवाद को लेकर परेशान थे। परिवार का कहना है कि पत्नी के घर से चले जाने के बाद उन्होंने घर जाना भी छोड़ दिया था। इसी परेशानी के चलते उनके यह कदम उठाए जाने की आशंका जताई जा रही है।

परिजनों के मुताबिक मुकेश कुमार वर्ष 2007 में हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए थे। शुरुआत में वह पानीपत पुलिस अकादमी में रहे और बाद में उनका तबादला पानीपत हुआ था। फिलहाल वह मधुबन में एएसआई के पद पर तैनात थे। उसके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

पुलिस कर्मियों से धक्का-मुक्की में 60 लोगों पर केस दर्ज

खरखौदा। गांव सोहटी में पावरग्रिड की हाइटेंशन लाइन के निर्माण को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान बुधवार को हुए घटनाक्रम के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। किसानों के आत्मदाह के प्रयास और उन्हें रोकने के दौरान पुलिस कर्मियों के साथ हुई धक्का-मुक्की के मामले में करीब 60 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इनमें कई लोगों को नामजद भी किया गया है। पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सीकर, राजस्थान से हरियाणा होते हुए नरेला तक जाने वाली पावरग्रिड लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार को कुछ लोगों ने मौके पर एकत्रित होकर निर्माण कार्य का विरोध किया। पुलिस ने धक्कामुक्की पर 7 को नामजद किया है, जिसमें प्रवीन, विकास, नरपाल, रवि व इंद्रजीत को पकड़ लिया गया है।

केयू के हॉस्टल में दो छात्रों ने जूनियर के कमरे में अनार छोड़ा, सामान जला

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (केयू) के देवीलाल बॉयज हॉस्टल में सीनियर छात्रों की कथित शरारत के चलते एक जूनियर छात्र के कमरे में आग लग गई। आरोप है कि दो सीनियर छात्रों ने कमरे के अंदर अनार बम जलाया और बाहर से कुंडी लगाकर वहां से चले गए। पटाखे से निकली चिंगारी के कारण कमरे में आग लग गई, जिससे छात्र का कपड़ों सहित रोजमर्रा का सामान और फाइन आर्ट्स की पढ़ाई से संबंधित प्रोजेक्ट व असाइनमेंट जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि घटना के समय छात्र कमरे में मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार, घटना के समय फाइन आर्ट्स का छात्र अर्जुन मैस में खाना खाने गया हुआ था। उसने अपने कमरे को बाहर से बंद कर रखा था। इसी दौरान हॉस्टल के दो सीनियर छात्र वहां पहुंचे। दोनों ने कमरे के अंदर अनार बम जलाया और कुंडी लगाकर चले गए। पटाखे से कमरे में आग फैल गई। चीफ वार्डन डॉ. जसबीर सिंह के मुताबिक, शुरुआती जांच में मामला आपसी रंजिश का नहीं, बल्कि शरारत का सामने आया है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

ढाकला में बाइक सवार बदमाशों ने की फायरिंग, दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

■ घर की बैठक में बात कर रहे थे दोनों युवक, एक की हालत नाजुक



ढाकला में मौके पर जांच करती पुलिस टीम।

गांव ढाकला में वीरवार सायं उस समय हड़कंप मच गया, जब बाइक सवार दो बदमाशों ने अपने घर की बैठक में बैठे दो युवकों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। देखते ही देखते काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और परिजनों द्वारा आनन-फानन में युवकों को उपचार के लिए एक को निजी अस्पताल और दूसरे को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। घायलों में विकास पुत्र नसीब और बलराम पुत्र आजाद शामिल है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन में भी हरकत में आ गया और पुलिस की टीमें मामले की जांच और आरोपियों को पकड़ने में जुट गई। बताया जा रहा है कि फायरिंग में विकास को बाएं कंधे में एक गोली, दाएं पैर में एक गोली और एक गोली पेट में लगी है। जबकि बलराम के सिर में गोली लगना बताया गया है, उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बता दें कि मांडौठी में भी दो दिन पहले गोलीबारी में एक युवक की हत्या हो गई थी।

हरियाणा रोडवेज के स्टाफ के बीच पनपी एक बड़ी साजिश व रंजिश का पुलिस ने किया खुलासा

साथी परिचालक को फंसाने के लिए चालकों ने बैग में रखा देसी कट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। रोडवेज परिचालक के बैग में अवैध देसी कट्टा रखने की साजिश में शामिल आरोपी चालक पुलिस गिरफ्त में।

हरियाणा रोडवेज की बस के परिचालक के बैग से अवैध देसी कट्टा मिलने के मामले में थाना शहर पुलिस की गहन जांच से सामने आई आपसी रंजिश की साजिश में सीआईए टीम ने दूसरे आरोपित सुभाष निवासी विधानगर कॉलोनी, भिवानी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को 11 नवंबर को गिरफ्तार कर आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए थाना शहर पुलिस के हवाले किया गया। इस मामले में पुलिस पहले ही मुख्य आरोपित जितेंद्र निवासी गांव पचगांव, जिला चरखी दादरी को गिरफ्तार कर चुकी है। दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी से परिचालक को कथित रूप से झूठे मामले में फंसाने के घटनाक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं।

डीएसपी मुख्यालय भारत भूषण ने बताया कि छह नवंबर को डायल-112 पर हिसार से जयपुर जा रही हरियाणा रोडवेज की बस में संदिग्ध वस्तु होने की सूचना प्राप्त हुई थी। ईआरवी की टीम ने बस को नारनौल के सिंघाना रोड स्थित रेनबो अस्पताल के पास रुकवाया। थाना शहर पुलिस ने बस में रखे सामान की जांच की, जिसमें परिचालक के बैग से एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने हथियार को कब्जे में लेकर मामला दर्ज किया। डीएसपी ने बताया कि थाना शहर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों, परिस्थितिजन्य तथ्यों एवं पूछताछ के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। जांच के दौरान सामने आया कि रोडवेज परिचालक और चालक जितेंद्र के बीच दो नवंबर को आपसी विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते जितेंद्र द्वारा परिचालक को अवैध हथियार के मामले में फंसाने की साजिश रचे जाने की बात सामने आई। पुलिस ने आरोपित जितेंद्र को सात नवंबर को गिरफ्तार किया था।

डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच आगे बढ़ने पर साजिश में एक अन्य व्यक्ति की संलिप्तता भी सामने आई। जांच में पता चला कि दूसरा आरोपित सुभाष पूर्व में संबंधित रोडवेज परिचालक के साथ एक ही बस पर चालक के रूप में कार्य कर चुका था। इस दौरान सुभाष व परिचालक सुरेंद्र के बीच भी आपसी विवाद हुआ था। बाद में दो नवंबर को जितेंद्र और परिचालक सुरेंद्र के बीच हुए विवाद के बाद दोनों ने उसे फंसाने की साजिश रची।

चालक को बस में मिला था कट्टा, वही बैग में रखा

पुलिस पूछताछ में आरोपित सुभाष ने बताया कि करीब एक महीने पहले रोडवेज बस की सफाई करते समय उसे बस में एक अवैध देसी कट्टा मिला था, जिसे उसने अपने पास रख लिया था। पूछताछ में सामने आया कि परिचालक को फंसाने की योजना के तहत सुभाष ने वही अवैध हथियार जितेंद्र को उपलब्ध करवाया था। इसके बाद जितेंद्र ने योजनानुसार हथियार परिचालक सुरेंद्र के बैग में रख दिया, ताकि पुलिस जांच के दौरान हथियार बरामद होने पर परिचालक पर संदेह हो और वह कानूनी कार्रवाई में फंस जाए।

सिनेमा हॉल में पॉपकॉर्न पर विवाद सॉफ्टवेयर इंजीनियर को मारी कृपाण

■ दिवाली पर बेंगलूरू से अपने घर आया था इंजीनियर, अब आईसीयू में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

डूमवाली गांव के सिनेमा हॉल में पॉपकॉर्न को लेकर हुए विवाद में विक्रेता ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर पर कृपाण से हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार, डबवाली के वार्ड नंबर 11 निवासी विजय मिड्ढा का परिवार बीती रात सिनेमा हॉल में फिल्म देखने गया था। वहां पॉपकॉर्न को लेकर कहासुनी हो गई। परिजनों के मुताबिक, पॉपकॉर्न बेचने वाले कुछ लोगों ने विजय के बेटे मेहर मिड्ढा से झगड़ा करना शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि इस दौरान विक्रेताओं ने बंगलूरू में काम करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर मेहर मिड्ढा पर कृपाण से हमला किया। मेहर के हाथ में गंभीर चोट आई है। वह बठिंडा के मैक्स अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। विजय मिड्ढा ने बताया कि उनका बेटा मेहर बंगलूरू में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। वह दिवाली के मौके पर 7 नवंबर को डबवाली आया था। मेहर का बठिंडा के मैक्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने पथराला पुलिस चौकी में शिकायत दी है। मामले में पथराला चौकी प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि डॉक्टरों के मुताबिक, मेहर अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। उसका बयान दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सिनेमा हॉल से भी घटना से जुड़ी जानकारी एवं सीसीटीवी कब्जे में ली जाएगी।

पश्चिमी देशों के प्रतिबंध के बावजूद जीवाश्म ईंधन का निर्यात

भारत का रूस से तेल आयात अक्टूबर में रिकॉर्ड 640 करोड़ यूरो पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने अक्टूबर में रूस से रिकॉर्ड 640 करोड़ यूरो के ईंधन की खरीद की है। कच्चे तेल के आयात में तेज वृद्धि इसकी प्रमुख वजह रही। इससे पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद रूस का जीवाश्म ईंधन निर्यात से राजस्व दिसंबर, 2022 के बाद के सबसे ऊंचे मासिक स्तर पर पहुंच गया। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) के मासिक विश्लेषण के अनुसार, ''भारत अक्टूबर, 2026 में रूस के जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा। उसने कुल 640 करोड़ यूरो के रूसी हाइड्रोकार्बन का आयात किया, जो जनवरी, 2022 से उपलब्ध आंकड़ों में उसका सबसे ऊंचा मासिक आंकड़ा है।

कच्चे तेल के आयात में तेज वृद्धि इसकी प्रमुख वजह

स्व दिसंबर, 2022 के बाद के सबसे ऊंचे मासिक स्तर पर पहुंचा

भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल की हिस्सेदारी 91 फीसदी

भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल की हिस्सेदारी 91 प्रतिशत रही, जिसका मूल्य 580 करोड़ यूरो था। कोयला (33.3 करोड़ यूरो) और तेल उत्पाद (23.2 करोड़ यूरो) शेष मासिक आयात में शामिल रहे।'' चीन, रूस के जीवाश्म ईंधन का सबसे बड़ा वैश्विक खरीदार बना रहा। शीर्ष पांच आयातकों से रूस के निर्यात राजस्व में उसकी हिस्सेदारी 51 प्रतिशत यानी 1,070 करोड़ यूरो रही।



भारत की तीन रिफाइनरी सबसे बड़ी आयातक

सीआरईए ने कहा, ''अक्टूबर, 2026 में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात पिछले महीने की तुलना में 10 प्रतिशत बढ़ा। भारत की तीन सबसे बड़ी आयातक रिफाइनरी इकाइयों में रूसी कच्चे तेल का आयात बढ़ा। इनमें नायरा एनर्जी की वाडिनार रिफाइनरी में 12 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की जामनगर रिफाइनरी में 22 प्रतिशत और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की पारादीप रिफाइनरी में 28 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई।''

जामनगर रिफाइनरी सबसे बड़ी आयातक

सीआरईए ने कहा कि इस वृद्धि से जामनगर रिफाइनरी एक बार फिर समुद्र के रास्ते आने वाले रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी आयातक बन गई है। अक्टूबर, 2026 में यूरोपीय संघ रूस के जीवाश्म ईंधन का तीसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा। शीर्ष पांच आयातकों से रूस के निर्यात राजस्व में उसकी हिस्सेदारी 11 प्रतिशत यानी 220 करोड़ यूरो थी। रूसी कच्चे तेल का इस्तेमाल करने वाली भारत, तुर्किये और बुल्गेरिया की रिफाइनरियों ने रूस के फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद उस पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों को 160 करोड़ यूरो के तेल उत्पादों का निर्यात किया।

निर्यात से राजस्व छह प्रतिशत बढ़ा

अनुमान है कि इनमें से 38.9 करोड़ यूरो के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से तैयार किए गए थे। इस बीच, समुद्र के रास्ते कच्चे तेल के निर्यात से होने वाली कमाई 23 प्रतिशत बढ़कर प्रतिदिन 35.2 करोड़ यूरो हो गई। सीआरईए के जनवरी, 2022 में आंकड़े जुटाना शुरू करने के बाद यह सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। पाइपलाइन के जरिये कच्चे तेल के निर्यात से राजस्व में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई।

यूराल्स का भाव 13 प्रतिशत बढ़ा

रूस के यूराल्स कच्चे तेल का औसत भाव 13 प्रतिशत बढ़कर 101.7 डॉलर प्रति बैरल हो गया। यह अक्टूबर, 2021 के बाद का सबसे ऊंचा मासिक औसत है और एक फरवरी, 2026 से लागू यूरोपीय संघ तथा ब्रिटेन की 44.1 डॉलर प्रति बैरल की मूल्य सीमा का दोगुने से भी अधिक है।

सोना 2,200 रुपये और टूटा, चांदी रही स्थिर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट का सिलसिला लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा। कमजोर घरेलू बाजार के बीच बृहस्पतिवार को सोना 2,200 रुपये टूटकर 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार के बंद भाव 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम से 2,200 रुपये टूटकर 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। हालांकि, चांदी की कीमत 1,87,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। कारोबारियों ने कहा कि कमजोर मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में गिरावट के कारण सोने की कीमतों पर दबाव बना रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि वैश्विक बाजार में हाजिर सोने का भाव एक प्रतिशत यानी 39.93 डॉलर गिरकर 3,950 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गया। इसकी प्रमुख वजह अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा। चांदी की कीमत भी 1.17 प्रतिशत गिरकर 51.06 डॉलर प्रति औंस रह गई।

डॉलर सूचकांक में गिरावट: मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि यदि डॉलर सूचकांक 103 के मजबूत प्रतिरोध स्तर को निर्णायक रूप से पार कर जाता है, तो यह बढ़कर 104.50 तक पहुंच सकता है। इससे कीमती धातुओं की कीमतों पर और दबाव बढ़ सकता है।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जठेड़ी, राई (सोनीपत) में दो सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है। इस पद पर नियुक्ति के इच्छुक उम्मीदवार जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष व शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, स्त्री या पुरुष दिनांक 16.11.2026 से 22.11.2026 तक ग्राम पंचायत जठेड़ी को आवेदन कर सकता है।

हस्ता/- योगेश, सरपंच
ग्राम पंचायत जठेड़ी, खण्ड-राई,
जिला सोनीपत, हरियाणा
सम्पर्क सूत्र : 9813654430

जी एंटरटेनमेंट 600 करोड़ के शेयर वापस खरीदेगी

नई दिल्ली। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 600 करोड़ रुपये तक के 6.5 करोड़ से अधिक शेयर वापस खरीदने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह प्रति शेयर 91 रुपये की दर से पुनर्खरीद करेगी। शेयर पुनर्खरीद पेशकश का 91 रुपये प्रति शेयर का मूल्य बृहस्पतिवार को कंपनी के शेयर के बंद भाव 73.50 रुपये से 23.8 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के शेयर ने 23 जून, 2026 को 118.40 रुपये का 52 सप्ताह का उच्चस्तर और चार नवंबर, 2026 को 60.63 रुपये का 52 सप्ताह का निचला स्तर छुआ था।

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज 211004, उ.प्र., भारत
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj-211004, UP, INDIA

सम सेमेस्टर सत्र 2026-27 के लिए पीएच.डी. प्रवेश

संस्थान के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पीएच.डी. (पूर्णकालिक/ अंशकालिक/प्रायोजित) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्र उम्मीदवार **दिनांक 05.11.2026 से 17.11.2026 तक** यूआरएल https://mnnitadm.samarth.edu.in/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क रु. 1200.00 (एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी के लिए रु. 600.00) है। अधिक विवरण हेतु, कृपया संस्थान की वेबसाइट http://www.mnnit.ac.in तथा https://mnnitadm.samarth.edu.in/ पर पधारें।

सीबीसी 21306/11/0006/2627 निदेशक

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन भी रही तेजी

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की गई। विदेशी निवेशकों की लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सेंसेक्स और निफ्टी मामूली तेजी के साथ बंद हुए।

- विदेशी निवेशकों की लिवाली से मिला समर्थन

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 31.61 अंक प्रतिशत चढ़कर 81,911.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 82,325.61 अंक के ऊपरी स्तर तक गया और 81,576.15 अंक के निचले स्तर तक आया। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 44.30 अंक की बढ़त के साथ 25,299.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और इटर्नल के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति, पावर ग्रिड और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर गिरावट में रहे।

एयरटेल का तीन माह बाद 299 रुपये वाला प्लान आया वापस

मुंबई। एयरटेल ने अपना पुराना 299 रुपए वाला प्रीपेड रिचार्ज प्लान फिर से शुरू कर दिया है। एयरटेल ने करीब तीन महीने पहले इस प्लान को बंद कर दिया था। इसके बाद ग्राहकों के पास 28 दिन की वैलिडिटी वाला रोजाना डेटा प्लान लेने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने का विकल्प बचा था। अब कंपनी ने 299 रुपए का प्लान वापस तो ला दिया है, लेकिन इसमें एक बदलाव किया गया है। पहले रोज 1.5 जीबी डेटा मिलता था, अब सिर्फ 1 जीबी डेटा मिलेगा। यह बदलाव ऐसे समय में हुआ है जब एयरटेल के मोबाइल ग्राहकों की संख्या बढ़ने की रफ्तार धीमी हुई है और कंपनी का नेटवर्क छोड़ने वाले ग्राहकों का अनुपात भी बढ़ा है। ऐसे में 299 रुपए का प्लान वापस लाने के फैसले को कस्टमर्स को रोकने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। एयरटेल के वापस लाए गए 299 रुपए वाले प्रीपेड प्लान में 28 दिन की वैलिडिटी मिलती है। इसमें हर दिन 1 जीबी हाई-स्पीड डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और रोजाना 100 एसएमएस मिलते हैं। इस तरह पूरे 28 दिन में ग्राहक को कुल 28 जीबी डेटा मिलेगा। पहले इसी कीमत पर रोज 1.5 जीबी डेटा मिलता था। यानी पुराने प्लान के मुकाबले अब हर दिन 500 एमबी डेटा कम मिलेगा।

भारतीय कंपनियों के लिए ओपनएआई की नई सुविधा

नई दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ओपनएआई ने बृहस्पतिवार को भारत में अपने एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के लिए एआई अनुरोधों का स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण शुरू करने की घोषणा की। इससे पात्र कंपनियां और डेवलपर उसके जीपीटी-6 लूना मॉडल पर आधारित चुनिंदा कार्यों का प्रसंस्करण देश के भीतर ही कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य कंपनियों की डेटा को देश के भीतर ही रखने संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद करना है। एआई कंपनी ने बयान में कहा कि इस सुविधा के तहत संबंधित अनुरोधों का प्रसंस्करण और जवाब तैयार करने के लिए मॉडल की गणना, दोनों भारत में ही होंगी। इसके अलावा, सुविधा के दायरे में आने वाले ग्राहकों की सामग्री भी देश में ही संग्रहीत की जाएगी। ओपनएआई में भारत के लिए उद्यम कारोबार के प्रमुख नितिन बावनकुले ने कहा कि कुछ भारतीय कंपनियां महत्वपूर्ण कार्यों के लिए एआई का इस्तेमाल पूरी तरह शुरू नहीं कर पाई हैं, क्योंकि उनके लिए जरूरी है कि संबंधित सूचनाओं का प्रसंस्करण देश के भीतर ही हो।

The Bhiwani Central Co-op. Consumer Store Ltd.
Railway Road, Bhiwani (Haryana)

आम सभा बैठक की सूचना

दी भिवानी केन्द्रीय सहकारी उपभोक्ता भण्डार लि० भिवानी के सभी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि इस भण्डार की आम सभा की बैठक दिनांक 28.11.2026 को प्रातः 11:30 बजे भण्डार के कार्यालय में रखी गई है, इसमे निम्नलिखित एजेंडो पर विचार किया जाएगा। अतः आप सभी सभासद सदस्यो से अनुरोध है कि आप सभी उपरोक्त तिथि को समय व स्थान पर पहुंचने की कृपा करे।

एजेंडाः-
1. पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि बारे विचार ।
2. वर्ष 2025-26 के व्यापार खाता, लाभ-हानि व तुलन पत्र पर विचार।
3. आम हालात बारे विचार एवं सुझाव।

हस्ता/- महाप्रबंधक
दि भिवानी केन्द्रीय सहकारी उपभोक्ता भण्डार लि., भिवानी

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	एम.सी. रोहतक की सीमा के अंदर विभिन्न सामुदायिक केन्द्रों, पहरावर स्टेडियम और अन्य स्टेडियम की क्लीनिंग और रखरखाव कार्य के लिए आकलन।	12.11.2026 19.11.2026	40.28 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 engg-rohtak@ulbharyana.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50956/I/88/6 दि. 12.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	एम.सी. रोहतक में एक वर्ष के लिए दो अदद कूड़ा उठाने वाला, रिफ्यूज कम्पेक्टर और सूखा एवं गीला सक्शन मशीन का ओ एवं एम।	11.11.2026 18.11.2026	18.60 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 engg-rohtak@ulbharyana.gov.in
2	नगर निगम रोहतक	वार्ड नं. 2, एम.सी. रोहतक में सुन्दरपुर रोड पर बरसी नगर विस्तार नं. 08 में श्री बाबा जमीनाथ ऑटो के साथ लगती आईपीबी गली का निर्माण।	10.11.2026 17.11.2026	7.41 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 xenmcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/50951/I/88/6 दि. 12.11.26

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

छठ गीतों की गूंज के साथ भारत की पहली "अमृत भारत" ट्रेन नई दिल्ली से पटना के लिए रवाना

नई दिल्ली। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे ने एक ऐतिहासिक पहल की है। भारत की पहली अत्याधुनिक "अमृत भारत" (**Amrit Bharat** 3.0) ट्रेन को 11 नवंबर की मध्य रात्रि छठ पूजा स्पेशल ट्रेन के रूप में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से पटना के लिए रवाना किया गया। ट्रेन के प्रस्थान के समय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का पूरा परिसर छठ के पारंपरिक लोकगीतों से गूंज उठा, जिससे यात्रियों में भारी उत्साह और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने भारतीय रेलवे की इस पहल का जोरदार स्वागत किया। प्रमुख विशेषताएं: आधुनिक सुविधाएं: अमृत भारत 3.0 ट्रेन को आम और मध्यम वर्ग के यात्रियों को ध्यान में रखकर पूरी तरह आधुनिक तकनीक से डिजाइन किया गया है। इसमें आरामदायक सीटें, बेहतर सस्पेंशन, आधुनिक शौचालय और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सुरक्षा और गतिः पुश-पुल तकनीक से लैस यह ट्रेन तेज रफ्तार के साथ-साथ झटकारहित और सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करती है। त्योहारी भीड़ से राहतः छठ पर्व के दौरान दिल्ली और बिहार के बीच होने वाली अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यह विशेष ट्रेन यात्रियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी।

भारत में रोजगार पर एआई का स्पष्ट असर नहीं : मूडीज

नई दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) से उत्पादकता बढ़ने की संभावना है, वहीं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं और बीपीओ क्षेत्र पर अधिक निर्भरता वाले उभरते बाजारों में रोजगार के अवसर प्रभावित होने का जोखिम भी है। हालांकि, भारत में अभी तक इसका कोई स्पष्ट असर नहीं देखा गया है। मूडीज रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही। मूडीज ने अपनी रिपोर्ट 'वैश्विक उभरते बाजार परिदृश्य 2027' में कहा कि अधिकांश उभरते बाजारों के लिए कंप्यूटिंग क्षमता, डिजिटल बुनियादी ढांचे और कौशल तक अपर्याप्त पहुंच एआई से मिलने वाले लाभ हासिल करने की उनकी क्षमता को तेजी से प्रभावित कर सकती है।

- मूडीज ने एआई से उत्पादकता बढ़ने की संभावना नहीं किया इंकार

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

हर्बल क्रांति से रुकेगा उत्तराखंड से पलायन, पहाड़ के गांवों में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, मंत्रियों ने जताया भरोसा

हरिभूमि न्यूज. हरिद्वार

उत्तराखंड में पलायन की समस्या पर अंकुश लगाने और पहाड़ के गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अब हर्बल खेती और औषधीय पौधों की कृषि को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार उत्तराखंड को हर्बल स्टेट बनाने की दिशा में प्रयासरत है। प्रथम हर्बल कुंभ एवं द्वितीय धन्वंतरि महोत्सव के दूसरे दिन मालागांव में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री गणेश जोशी, ग्रामीण विकास एवं एमएसएमई मंत्री भरत चौधरी और बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि पतंजलि के प्रयास उत्तराखंड में हर्बल क्रांति लाने और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण साबित होंगे।आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि हर्बल कुंभ अपने उद्देश्य में सफल रहा है। खेती-किसानी, कुटीर उद्योग, स्वरोजगार और ग्रामीण विकास इस आयोजन के प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि हर्बल कुंभ उत्तराखंड की समृद्धि के साथ पहाड़ों से पलायन रोकने में भी अहम भूमिका निभाएगा। यह आयोजन कृषि आधारित नवाचार का विश्वस्तरीय केंद्र बनेगा। पतंजलि ने परम पूज्य स्वामी रामदेव के मार्गदर्शन में योग और आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। श्री धन्वंतरि धाम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यहां प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना उसकी सुंदरता और दिव्यता को निखारा गया है।



उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का विवरण	निविदा खुलने कि तिथि समय	अनुमानित लागत रुपये	धरोहर राशि रुपये	कार्य पूरा करने की अवधि
1	OT-41/ 2026-27	एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विद रिमूवल ऑफ कंस्ट्रेट्स इन ग्रांटिंग लाइन क्लियर ऑन बी पी ए सी यूजिंग यू एफ एस बी आई ड्यूरिंग शटिंग मूवमेंट ओवर अंबाला डिवीजन।	07/12/2026 at 15.00 hrs	Rs. 29300814.07	Rs. 586000/-	180 Days

नोटः— वरि० मंडल सिग० एवं टेली० इंजी० उ०रे०, डी०आर०एम० ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज, की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करे। 1. टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉगू ऑन करें। 2. निविदाकारो को ई—टेण्डरिंग मे भाग लेने के लिए उनके पास क्लास III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तो इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले।

संख्याः एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन० आई०टी—13—2026—27 दिनाकः 12.11.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3965/26

शब्द पहेली - 6405

1	2	■	3	4	■	5	6	■	7	8
9		10	■	11	12	■	13	14	■	
■	15		16	■	17	18	■	19	20	■
21	■	22		23	■	24	25	■	26	27
28	29	■	30		31	■	32	33	■	
■	34	35	■	36		37	■	38	39	■
40	■	41	42	■	43		44	■	45	46
47	48	■	49	50	■	51		52	■	
■	53	54	■	55	56	■	57		58	■
59	■	60	61	■	62	63	■	64		65
66		■	67		■	68		■	69	

■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

बाएँ से दाएँ
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

ऊपर से नीचे
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

शब्द पहेली- 6404 का हल

■	ल	ज्ज	त	दा	र	■	क	र	त	ब
म	त	■	क	■	ज	टि	ल	■	वा	र
न	■	क	रा	मा	त	■	म	य	■	ग
भा	गी	दा	र	■	प	ल	■	म	द	द
व	■	चा	■	अ	ट	ल	■	■	रा	■
न	ज	र	बं	द	■	का	ब	भ	र	ना
■	मी	■	■	र	न	र	■	ड़	■	म
अ	न	ल	■	क	र	■	अ	क	ब	र
म	■	ता	क	■	क	त	र	ना	■	ख
रू	ह	■	ह	ल	वा	■	दा	■	आ	ना
द	म	दा	र	■	स	न	स	ना	ना	■



खबर संक्षेप

उप्रः रिश्वत मांगने पर 3 पुलिस वाले लाइन हाजिर

बागपत(उप्र)। बागपत जिले में रिश्वत मांगने और एक व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान करने की शिकायत की जांच अपराध शाखा को सौंपने के साथ दोघट थाना में तैनात तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी कि थाना दोघट में तैनात पुलिसकर्मी उसके साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं और उसे अनावश्यक रूप से परेशान करने के साथ ही रुपये की मांग कर रहे हैं।

अमित शाह पहुंचे दिल्ली पुलिस मुख्यालय

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की और राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति तथा सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। पुलिस ने कहा कि बैठक में दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए शामिल हुए।

संगरुर भाजपा कार्यालय पर हुए हमले का मामला

खालिस्तान लिबरेशन आर्मी की साजिश की जांच एनआईए करेगी

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

यह घटना 26 जुलाई को हुई थी। पंजाब पुलिस ने संगरूर के उपली रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर पेट्रोल बम हमले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की थी। इसका उद्देश्य आग से अधिकतम नुकसान पहुंचाना था। पुलिस ने हैप्पी और जसप्रीत को गिरफ्तार किया था।

■ आतंकवादियों के आका ने सोशल मीडिया के जरिए दोनों आरोपियों को अपने साथ जोड़ा था



राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस साल जुलाई में पंजाब के संगरूर में भाजपा कार्यालय पर पेट्रोल बम से किए गए हमले के पीछे खालिस्तान लिबरेशन आर्मी (केएलए) की साजिश की जांच करने के लिए मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

घटना 26 जुलाई को हुई थी। पंजाब पुलिस ने संगरूर के उपली रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमले के संबंध में मिली जानकारी के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की। आरोप है कि इस हमले का मकसद आग लगाकर अधिक से अधिक नुकसान पहुंचाना था। पुलिस ने बताया था कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था। जांच के दौरान राज्य पुलिस ने दो आरोपियों हैप्पी सिंह और जसप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने अपनी प्राथमिकी में कहा है कि जांच में पता चला कि पड़ोसी देश में मौजूद आतंकवादियों के आका ने सोशल मीडिया के जरिए दोनों आरोपियों को अपने साथ जोड़ा था।

प्राथमिकी में कहा गया है कि यह हमला खालिस्तान लिबरेशन आर्मी द्वारा रची गई साजिश के तहत किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनआईए ने इस मामले की जांच का जिम्मा संभाला था।

दहशत-आतंक फैलाना था उद्देश्य

केंद्र सरकार का मानना है कि यह एक निर्धारित अपराध है। यह मामला जीवन और संपत्ति को खतरे में डालने के इरादे से किए गए लक्षित हमले से संबंधित है। इसका उद्देश्य लोगों के मन में दहशत और आतंक पैदा करना था। गृह मंत्रालय ने कहा कि अपराध की गंभीरता, इसके गंभीर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को देखते हुए एनआईए द्वारा गहन जांच आवश्यक है।

जांच में पता चलाः बम फेंकने के लिए दिए गए थे 2200 रुपये

एनआईए ने अपनी प्राथमिकी में हैप्पी सिंह, जसप्रीत सिंह और अन्य अज्ञात को आरोपी बनाया है। पंजाब पुलिस की जांच में सामने आया था कि गिरफ्तार आरोपियों को कच्चा बम फेंकने के लिए 2200 रुपये दिए गए थे। उन्हें घटना का वीडियो बनाने के लिए भी पैसे मिले थे। यह हमला एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। पुलिस ने बाद में इस मामले में दो अन्य आरोपियों, दिल्ली के शाह नवाज खान और अजनाला के करणबीर को गिरफ्तार किया।

उप्र : चंद्रशेखर-ओवैसी की पार्टियों में गठबंधन, सभी 403 सीटों पर लड़ेंगे

'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' का किया ऐलान, चंद्रशेखर होंगे सीएम चेहरा



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले राज्य की राजनीति में एक नया गठबंधन सामने आया है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने हाथ मिला लिया है। दोनों नेताओं ने लखनऊ में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करके नए राजनीतिक गठबंधन का ऐलान किया। इस गठबंधन का नाम 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' (एसपीएम) रखा गया है। इसकी ओर से चंद्रशेखर आजाद उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। मोर्चे ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना का भी ऐलान किया है।

पित्रोदा ने की मोदी की तारीफ, कांग्रेस में हंगामा



नई दिल्ली। कांग्रेस ओवरसीज चीफ सैम पित्रोदा के एक बयान पर पार्टी में घमासान छिड़ता नजर आ रहा है। यह पूरा विवाद पित्रोदा के पीएम मोदी की तारीफ वाले एक बयान के बाद शुरू हुआ। दरअसल, एक समाचार एजेंसी के साथ बातचीत में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुशल वक्ता और मेहनती इंसान बताया। एजेंसी ने यह खबर एक्स पर पोस्ट की। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे रीपोस्ट करते हुए सैम पित्रोदा को दीपावली और नए साल की शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, "आपको सैम भाई और अंजना बेन को दीपावली और नूतन वर्ष की शुभकामनाएं। आने वाले आनंदमय और स्वस्थ वर्ष के लिए प्रार्थना, जय जगन्नाथ" इसपर कांग्रेस पार्टी की तरफ से आए रिएक्शन ने आग में घी डालने का काम किया।

कांग्रेस नेता हुसैन दलवई ने सैम को सुनाई खरी-खरी

कांग्रेस नेता हुसैन दलवई ने सैम पित्रोदा द्वारा मोदी की तारीफ किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री की तारीफ कर रहे हैं। सरकार लोगों पर जुल्म और अन्याय कर रही है और उन्हें बोलने, विरोध करने या संघर्ष करने का अधिकार भी नहीं दे रही है। यह पूरी तरह से गलत है और संविधान के खिलाफ है। अगर सैम पित्रोदा इन मुद्दों पर बात करते हैं तो यह एक अच्छी बात होगी।"

तड़के लगी आग, 24 घर जलकर खाक

अरुणाचल में आग लगने से परिवार के चार लोग जिंदा जले

भाषा ▶▶| ईटानगर



अरुणाचल प्रदेश के कुरुंग कुमे जिले के एक कस्बे में बृहस्पतिवार तड़के आग लगने से एक परिवार के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और करीब 24 घर जल गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उपायुक्त चीचुंग चुखू ने बताया कि मृतकों में एक महिला और उसके तीन नाबालिग बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में दो बेटे और एक बेटी है जबकि महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान डोंगडा यानू , उनके बेटों डोंगडा करसांग और डोंगडा माजी तथा बेटी डोंगडा अमजी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल पिता डोंगडा ताजी को इलाज के लिए ईटानगर भेजा गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी के अनुसार, आग तड़के करीब दो बजे पारसी-पारलो कस्बे में लगी और तेजी से आसपास के घरों तक फैल गई। अधिकारी ने बताया कि इससे 19 घर पूरी तरह जल गए, जबकि पांच अन्य घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा।

आग का कारण नहीं पता

आग लगने का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग रसोई से लगने का संदेह है। चुखू ने कहा कि नुकसान का सही आकलन जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। निगरानी के लिए जिला मुख्यालय कोलोरियांग से अधिकारियों की एक टीम सुबह घटनास्थल पर पहुंची।

गांजा बेचने से मना करने पर फूल बेचने वाली पर हमला

नई दिल्ली (भाषा)। दक्षिण दिल्ली के हौज खास इलाके में कथित तौर पर गांजा बेचने से मना करने पर कुछ लोगों ने फूल बेचने वाली एक महिला पर लाठियों और लोहे की छड़ों से हमला कर दिया। उसके परिवार ने दावा किया कि मादक पदार्थ माफिया के सदस्यों द्वारा बार-बार धमकाया गया और उन पर हमला किया गया। आठ अक्टूबर को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें महिला सड़क किनारे बैठी दिखाई दे रही है और दो व्यक्ति उसके पास आते हैं। थोड़ी बातचीत के बाद, उनमें से एक कथित तौर पर लाठी से उसकी पिटाई शुरू कर देता है। राहगीर मदद के लिए बीच-बचाव करते हैं, तो एक अन्य भी उन पर हमला करने में शामिल हो जाता है।



दिल्ली में डंपर ने ऑटो को मारी टक्कर, तीन की मौत

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में बृहस्पतिवार तड़के डंपर ने खचाखच भरे ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, ऑटो में सवार छह महीने की गर्भवती महिला का गर्भपात हो गया। पुलिस ने अपने बयान में कहा कि दुर्घटना में सतबीर (32) और एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है। हालांकि, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने सुबह बताया था कि अस्पताल ले जाए जाने पर दो व्यक्तियों और छह महीने की एक बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया था।



सूरत में चलती बस से तीन साल का बच्चा गिरा,मां फोन पर बात करने में बिजी थी



■ घटना बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई

सूरत (एजेंसी)। गुजरात के सूरत शहर में एक चलती लग्जरी बस से 3 साल का बच्चा गेट से नीचे गिर गया। हालांकि, ड्राइवर की सूझबूझ और अलर्टनेस से उसकी जान बच गई। बस में मां फोन पर बात करने में व्यस्त थी, तभी यह घटना हुई। बच्चा खेलते-खेलते गेट तक आ गया था। घटना बस में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। हादसा 7 नवंबर का है, जिसका फुटेज अब सामने आया है। लग्जरी बस सौराष्ट्र के राजकोट से सूरत आ रही थी। महिला 3 साल के बेटे और 8 साल की बेटी के साथ सफर कर रही थी। यात्रा के दौरान महिला फोन पर बात करने में व्यस्त हो गई। उसका ध्यान बेटे से हट गया। बच्चा ड्राइवर के केबिन तक आ पहुंचा। तभी चालक की नजर पड़ी। उसने बच्चे की ओर हाथ बढ़ाया। स्टीयरिंग होने के कारण बच्चे तक नहीं पहुंच पाया। चालक ने जोर-जोर से चिल्लाया भी। ड्राइवर के हाथ बढ़ाने के दो सेकंड के भीतर ही बच्चा दरवाजे के पास वाली सीट से संतुलन खो बैठा और बस से गिर गया। ट्रैफिक के चलते बस की स्पीड कम थी। इसके चलते ड्राइवर ने तुरंत ब्रेक लगाकर बस रोक दी और चिल्लाकर अन्य यात्रियों को बुलाया। बस रुकते ही मां दौड़कर बस से उतरी और उठा लाई। बच्चे को मामूली चोटें आई थीं।

फैसला मप्र हाईकोर्ट ने बीमा कंपनी को दिया झटका

आधार कार्ड उम्र का पक्का सबूत नहीं

एजेंसी ▶▶| ग्वालियर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ ने एक बेहद महत्वपूर्ण और अहम फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड के जरिए किसी भी व्यक्ति की उम्र का निर्धारण नहीं किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि आधार कार्ड मुख्य रूप से केवल एक पहचान का दस्तावेज है और इसे उम्र के पक्के सबूत के तौर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस फैसले के साथ ही कोर्ट ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले किशोर की उम्र तय करने के लिए आधार कार्ड के बजाय उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट को आधार माना है, जिससे बीमा कंपनी को मृतक के परिजनों को मिलने वाली मुआवजे की राशि में बढ़ोतरी हुई है। मुआवजा बढ़ाने के लिए परिवार ने दरअसल, न्यायाधिकरण ने मुआवजे की गणना करते समय लड़के के आधार कार्ड में दर्ज उम्र को आधार बनाया था। आधार कार्ड के अनुसार मृतक की उम्र 14 साल, 7 महीने और 9 दिन दर्ज थी।



पोस्टमार्टम रिपोर्ट की मेडिकल राय को माना अधिक भरोसेमंद

यह है पूरा मामला

मध्य प्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले हरेंद्र सिंह बघेल से जुड़ा है, जिनकी एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इस दुखद घटना के बाद बीमा कंपनी की ओर से मृतक के परिजनों को कम मुआवजा दिया गया था। इससे असंतुष्ट होकर मृतक लड़के के परिवार ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। परिजनों ने अपनी याचिका के माध्यम से मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा तय किए गए मुआवजे की रकम को बढ़ाने की मांग की थी।

हालांकि, जब मामले की जांच हुई तो सामने आया कि मृतक हरेंद्र सिंह बघेल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनकी उम्र 13 साल दर्ज की गई थी।

भारत सरकार
कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा-122050.
Email : roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing
Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar
Gurgaon, Haryana-122050
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/1840 दिनांक :- 03/11/2026

संदर्भ :

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (113) कम्पनियों का नाम **हरियाणा** राज्य से हटाने के मामले में:

S.No.	Work Item	CIN	Company Name Hindi
1	AC7223435	U46497HR2026PTC144652	रोगारो फार्मा प्राइवेट लिमिटेड
2	AC7133289	U70109HR2021PTC097242	लोटस ड्रीम होम्स प्राइवेट लिमिटेड
3	AC7120224	U51909HR2021OPC092751	टीएफजी केयर इंडिया (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
4	AC6912484	U15490HR2021PTC093982	हंगर्ज फूडो प्राइवेट लिमिटेड
5	AC5742990	U74999HR2022PTC106959	क्लबपूर्णा प्राइवेट लिमिटेड
6	AC5725630	U74999HR2018PTC073156	आरवाईएन इंडिया चिट फंड प्राइवेट लिमिटेड
7	AC6800230	U62090HR2025PTC128784	एकाई इंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड
8	AC6609172	U10509HR2025PTC130913	मूलैक्ट प्राइवेट लिमिटेड
9	AC6387136	U66190HR2025PTC134682	संभल वन स्टॉप फिनटेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड
10	AC6401005	U62011HR2024PTC121888	अद्वय इनसाइट्स प्राइवेट लिमिटेड
11	AC6387234	U74999HR2018PTC076135	इग्निबिज प्राइवेट लिमिटेड
12	AC5732017	U45309HR2020PTC091238	पी'एस इन्फिनिटी होम्स प्राइवेट लिमिटेड
13	AC6065789	U70109HR2021PTC098638	न्यू प्रॉपर्टी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड
14	AC6246777	U92120HR2019PTC082639	वैष्णवी प्रोडक्शन हाउस प्राइवेट लिमिटेड
15	AC6082653	U64990HR2025PTC137709	पेरिकल्स कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड
16	AC6105976	U51909HR2018PTC072929	रॉयलहौट प्राइवेट लिमिटेड
17	AC6039284	U51506HR2022OPC105676	स्लिटिंग सॉल्यूशंस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
18	AC6055181	U70200HR2023PTC111498	बंसल्स इमिग्रेशन कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
19	AC5979505	U46909HR2025PTC130272	कगुन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
20	AC6076193	U72900HR2019PTC084305	सिटिफाई सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
21	AC5757461	U74999HR2016PTC063737	एथीन हेल्थकेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
22	AC5946886	U65990HR2020PTC087019	ट्यूरिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड
23	AC5927998	U15209HR2023PTC109209	पेकन फूड एंड बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड
24	AC5796460	U01100HR2022PTC101977	ग्रेमैटर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
25	AC5771485	U24299HR2020PTC089038	टेकफाइन केमिकल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
26	AC5734006	U93000HR2007PTC036970	ईएससी इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
27	AC7328087	U65999HR2019PTC084087	फ्लिक्स कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड
28	AC7120174	U74999HR2015PTC055068	पैनवर्ल्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
29	AC7074841	U72900HR2017PTC070970	पॉपुलैरिटी कार्ट प्राइवेट लिमिटेड
30	AC6941846	U74999HR2018PTC075470	फोरबियर्स ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
31	AC5686625	U51909HR2022PTC105705	बैरागी फार्मा प्राइवेट लिमिटेड
32	AC6662191	U72900HR2021PTC095702	गेमिंगवनएपिक प्राइवेट लिमिटेड
33	AC6421131	U86100HR2023PTC117341	के के मेमोरियल हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड
34	AC6418036	U74999HR2022PTC105897	यूनिकॉर्न ड्राई क्लीनर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
35	AC6456213	U74999HR2016PTC065336	कंपनीऑन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
36	AC6233605	U66301HR2023OPC115794	यूपरस्टॉक्स टेक्नोलॉजीज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
37	AC6273629	U33200HR2023PTC114250	सेकोट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
38	AC6105849	U26109HR2023FTC113905	माफी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
39	AC6109355	U47219HR2025PTC129788	पिज्जू फूड्स एंड बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड
40	AC6086534	U72900HR2011PTC042756	सेनिट टेक्नोलॉजीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
41	AC6084932	U29100HR2022PTC106904	केवीपी डिजाइन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड
42	AC6084638	U18209HR2018PTC076806	एनआईयू एस्टिलो फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड
43	AC6058280	U74999HR2019PTC082253	ट्रैक्सपर्ट ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड
44	AC6078523	U55101HR2018PTC077211	डीआरडी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड
45	AC5994703	U55202HR2019PTC084125	अल जायका फूड प्राइवेट लिमिटेड
46	AC6031130	U72900HR2020FTC090469	एक्सआरईएक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
47	AC5899275	U55109HR2024PTC123057	होमली टूर बीएनबी प्राइवेट लिमिटेड
48	AC5729588	U62091HR2023PTC112628	ज्योतिर्लिंग टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
49	AC7348193	U62090HR2023PTC116259	इन्फोहील टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
50	AC7276548	U62013HR2023PTC114921	डिजिओमेड हेल्थटेक प्राइवेट लिमिटेड
51	AC7050070	U45309HR2019PTC079475	बीएल गुप्ता इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
52	AC6261556	U80902HR2016PTC063709	इन्क्रेडिमाइंड्स रोबोटिक्स प्राइवेट लिमिटेड
53	AC6073932	U74909HR2023PTC115611	रेगटू फिनसर्व इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
54	AC6059336	U74910HR2023PTC109273	महादेव मैनपावर एंड रिक्रूटमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
55	AC6050949	U21001HR2023PTC115626	प्रानु फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
56	AC6060564	U45209HR2022PTC102128	क्रेडेंस इन्फ्रा वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
57	AC6059510	U15100HR2018PTC074942	रोमoya ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड
58	AC5984053	U41001HR2023PTC115298	प्रानु इन्फ्रा बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड
59	AC5788970	U47912HR2023OPC110093	गेम्स फॉर गीक्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
60	AC6038443	U72200HR2022PTC107820	एवरा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड
61	AC6025855	U32902HR2025PTC131484	टी एंड डी सिक्योर प्राइवेट लिमिटेड
62	AC6037950	U51909HR2022PTC107188	एक्यूरेट सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
63	AC6016924	U14201HR2023PTC117629	ह्यूमैनिटी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
64	AC5961439	U47594HR2023PTC113377	सीकोमेट इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड
65	AC5759060	U74999HR2021PTC093477	स्वम्मेराकी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड
66	AC5762264	U72900HR2022PTC103764	स्मॉल वंडर्स क्रिएटिव प्राइवेट लिमिटेड
67	AC6177361	U14101HR2025PTC133766	टू मेकर्स क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड
68	AC6069621	U15490HR2022PTC101136	क्राफ्टेडविजन फूड एंड हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड
69	AC5933657	U32204HR2024PTC122883	एवी डिजाइन एंड डिस्ट्रीब्यूशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
70	AC6105893	U74140HR2013PTC051257	रेडिकल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
71	AC6114153	U62099HR2025PTC139815	पेबलटेक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड
72	AC6109886	U74999HR2022OPC106238	जॉब डिलाइट्स कंसल्टेंसी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
73	AC6121861	U56301HR2024PTC119457	रेव एथलेटिक फिटनेस प्राइवेट लिमिटेड
74	AC6085775	U62090HR2025PTC137293	पेबल कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड
75	AC6054215	U86901HR2024OPC120628	प्राण्स आयुष एन्डेवर (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
76	AC6065463	U80904HR2022PTC104684	कॉम्फोरकेयर एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड
77	AC6049803	U56102HR2024PTC126600	सेवर स्ट्रीट प्राइवेट लिमिटेड
78	AC6008119	U21009HR2024PTC121674	आत्मन मेडिलिंक प्राइवेट लिमिटेड
79	AC6022611	U46209HR2022PTC103572	रोटरिंग कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड
80	AC6025971	U27100HR2025PTC131199	न्यू-कोर मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड
81	AC5988351	U72900HR2020PTC088876	इंस्टाप्रोंटो डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड
82	AC5917786	U62099HR2024PTC123646	फ्यूटेक सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
83	AC5889161	U86200HR2024PTC122440	ब्लैक सैफायर आईवीएफ प्राइवेट लिमिटेड
84	AC6126216	U15490HR2021PTC095265	ब्रॉटइन ऑर्गेनिक फूड्स प्राइवेट लिमिटेड
85	AC6002430	U80900HR2019PTC082871	लिवड्रीम लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड
86	AC6058365	U63122HR2026PTC140936	सर्व लीड प्राइवेट लिमिटेड
87	AC5737367	U45400HR2016PTC058101	एलोक्वेंट इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड
88	AC5714760	U93000HR2017PTC069542	सूरजगढ़ विलेज प्राइवेट लिमिटेड
89	AC5767777	U74999HR2016PTC057758	टेम्पटेशन एंड इनोवेशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड
90	AC5562593	U45500HR2022PTC103428	स्टुविटा रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड
91	AC6055911	U51909HR2022PTC107108	कोलैंड ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड
92	AC6100418	U74999HR2021PTC094472	मिंगआउट सोशल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
93	AC6086490	U25910HR2024OPC121435	गोएला फाउंड्री वर्क्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
94	AC6117974	U51909HR2022PTC105850	टीएलसीवी मार्केटप्लेस प्राइवेट लिमिटेड
95	AC6092610	U17299HR2016PTC064419	फ्यूचरटेक्स टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड
96	AC6049312	U22200HR2024PTC120890	सकुरा इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
97	AC6105729	U46497HR2023PTC111763	सुक्तम हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड
98	AC5981534	U74999HR2018PTC073633	ईटूरो ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड
99	AC6039320	U78100HR2025PTC134379	एक्सशोर ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
100	AC6021151	U52609HR2016OPC065723	मॉम एंड डैड (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
101	AC5999450	U22211HR2007PTC036883	अनुराग प्रिंट्स प्राइवेट लिमिटेड
102	AC5767293	U43900HR2024PTC125516	हेलियोट्रोपिक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
103	AC5734708	U45309HR2019PTC078120	पलम अल्फा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
104	AC5689374	U85307HR2024PTC125438	बीडीटीडी ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड
105	AC5891337	U72900HR2021PTC092577	रेसैट सॉल्यूशंस एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
106	AC6082249	U24319HR2023PTC111396	फैबपोल टेक प्राइवेट लिमिटेड
107	AC6117238	U45201HR2021PTC096871	मेटाडेल कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड
108	AC6066206	U70109HR2021PTC098633	हाई अप प्रॉपर्टी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड
109	AC6081208	U32901HR2025PTC137326	मेगा-पार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
110	AC6059798	U45201HR2019PTC083793	एमएलजी प्रोडक्शन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड
111	AC6053256	U59110HR2025PTC135758	छायाधर एनिमेशन स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड
112	AC5971394	U42900HR2024PTC125209	यमुना रोडटक प्राइवेट लिमिटेड
113	AC5840459	U74999HR2022PTC107931	तनिषा खुल्लर मेकओवर एंड अकादमी प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
सीबीसी-07123/11/0767/2627 **त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र**

चिंतन

खाद पर सब्सिडी जारी रखना उचित कदम

किसान पहले ही महंगे डीजल, बीज, कीटनाशकों और मजदूरी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतें बढ़ने के बावजूद केंद्र सरकार ने सब्सिडी का बोझ खुद उठाकर किसानों को राहत देने का फैसला किया है। रबी सीजन 2026-27 के लिए 62,370 करोड़ रुपये की सब्सिडी और डीएपी की 50 किलो की बोरी का मूल्य 1,350 रुपये पर बरकरार रखना स्वागतयोग्य कदम है। सवाल यह है कि जब खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और फसल का उचित मूल्य हासिल करना भी किसानों के लिए चुनौती बना हुआ है, तब खाद पर मिलने वाली राहत को कैसे कम किया जा सकता है? पश्चिम एशिया में जारी संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला तथा उर्वरकों के कारोबार को प्रभावित किया है। कच्चे माल की महंगाई का असर खाद की कीमतों पर पड़ना स्वाभाविक है। ऐसे में पिछले रबी सीजन के मुकाबले सब्सिडी में 24,418 करोड़ रुपये की वृद्धि सरकार की किसान हितैषी नीति को दर्शाती है। लेकिन यह भी समझना होगा कि उर्वरक सब्सिडी केवल सरकारी खजाने से दी जाने वाली आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। खाद महंगी होने का असर अंततः उत्पादन लागत और खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी पड़ सकता है। इसके बावजूद खाद वितरण की जमीनी व्यवस्था पर सवाल बने हुए हैं। कई बार किसानों को सीजन के दौरान खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है। कहीं किल्लत तो कहीं कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की शिकायतें सामने आती हैं। ऐसे में सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सब्सिडी का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचे। खाद की उपलब्धता, वितरण और बिक्री की नियमित निगरानी हो तथा कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आखिर जिस राहत के लिए सरकार हजारों करोड़ रुपये खर्च कर रही है, उसका लाभ बिचौलियों या जमाखोरों की जेब में क्यों जाए? कैबिनेट का प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की ऋण गारंटी निधि को पांच साल बढ़ाने का फैसला भी छोटे कारोबारियों के लिए अहम है। पांच हजार करोड़ रुपये के कोष से अगले पांच वर्षों में 12.6 लाख करोड़ रुपये के ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। ऋण गारंटी शुल्क एक प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत करना भी सकारात्मक पहल है। सितंबर 2026 तक योजना के तहत 60.36 करोड़ से अधिक ऋण मंजूर किए जा चुके हैं, जिनकी राशि 43.34 लाख करोड़ रुपये है। यह छोटे कारोबारियों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का बड़ा प्रयास है। यह देखना भी जरूरी है कि कितने छोटे उद्यम स्थापित हुए, कितनों ने रोजगार पैदा किया और कितने कारोबार कर्ज के बोझ से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर बन पाए। कुल मिलाकर, खाद पर सब्सिडी जारी रखने और मुद्रा योजना की ऋण गारंटी को विस्तार देने का फैसला अर्थव्यवस्था के दो महत्वपूर्ण आधारों को मजबूती देने वाला है। किसान को खेती की बढ़ती लागत से राहत मिलेगी तो छोटे कारोबारियों को नए अवसर मिलेंगे। वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में सरकार का आर्थिक बोझ खुद उठाना दूरदर्शी कदम है। जरूरत इस बात की है कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। साथ ही, घरेलू उत्पादन, स्वरोजगार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देकर ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिसमें किसान व उद्यमी आत्मनिर्भर बन सकें।



सियासत

प्रो.(डॉ) मनोज दयाल

क्या ट्रंप पर चलेगा महाभियोग

जिस अमेरिकी राष्ट्रपति ने पूरी दुनिया को अपनी शर्तों पर चलाने का सपना देखा था, आज वही अपने ही देश में राजनीतिक अस्तित्व बचाने की चुनौती से जूझ रहा है। चुनावी झटकों ने रिपब्लिकन पार्टी में असंतोष बढ़ा दिया है और 2026 के मध्यावधि चुनाव के बाद तीसरी बार महाभियोग की आशंका भी गहराने लगी है। पार्टी में बगावत और जनता की नाराजगी ने डोनाल्ड ट्रंप को दोहरी मुश्किल में डाल दिया है। ऐसे में उन्हें भारत के साथ व्यापार समझौते में राजनीतिक संजीवनी नजर आ रही है। सवाल है कि क्या भारत के साथ डील ट्रंप की डूबती नैया को सहारा दे पाएगी? क्या अमेरिका से बेहतर व्यापारिक शर्तें हासिल करने और एच-1बी वीजा पर राहत पाने का यह भारत के लिए सुनहरा अवसर है?

सांप छुछुंदर वाली स्थिति ..! दोहरी आफत में फंसे अमेरिकी राष्ट्रपति..! कुर्सी पर खतरे के बादल ..!, पार्टी में बगावत.. ! पर भारत से उम्मीद की डोर..! ये तो होना ही था ..! अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय अपने राजनीतिक जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने पर महाभियोग कि भी संभावना बनती दिख रही है । जिस व्यक्ति ने पूरी दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने का सपना देखा था, वही आज अपनी ही कुर्सी बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। विश्व के गलियारों में अब एक ही सवाल गूंज रहा है -क्या जग जीत की चाह रखने वाले ट्रंप पर महाभियोग चलेगा? यह सवाल हवा में नहीं उठा है। इसके पीछे ठोस राजनीतिक कारण हैं। अमेरिका में हुए हाल के चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को करारी शिकस्त मिली है। न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव से लेकर वर्जीनिया और न्यूजर्सी के गवर्नर चुनाव तक, डेमोक्रेट्स ने ट्रंप के उम्मीदवारों को धूल चटा दी है। यह सिर्फ हार नहीं, यह ट्रंप के खिलाफ जनमत संग्रह था। डेमोक्रेट्स के भारतीय मूल के अमेरिकी निथ्या रमन,राजीव पुरी,सब हैदर एवं ज्योति सिंह ने इस मध्यावधि चुनाव मे अभूतपूर्व जीत हासिल कर अपना परचम लहराया है। अमेरिकी जनता ने साफ कह दिया है टैरिफ वॉर, महंगाई और अहंकार की राजनीति अब नहीं चलेगी।



क्या आज ट्रंप पर दोहरी आफत है? क्या कुर्सी जाने का खतरा बरकरार है? क्या पार्टी में फूट की कगार पर भी है? वास्तव में ट्रंप पर इस समय दोहरी आफत है। पहली आफत है- कुर्सी जाने का खतरा। दूसरी आफत है अपनी ही पार्टी में फूट। अमेरिकी संविधान में महाभियोग का प्रावधान है। अगर राष्ट्रपति पर गंभीर अपराध, सत्ता के दुरुपयोग या संविधान के उल्लंघन का आरोप सिद्ध हो जाए, तो प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) महाभियोग चला सकती है और सीनेट उन्हें पद से हटा सकती है। ट्रंप पर यह खतरा पहले भी मंडराया है। वे अमेरिका के इकलौते राष्ट्रपति हैं, जिन पर दो बार महाभियोग चल चुका है। पहली बार 2019 में यूक्रेन मामले में और दूसरी बार 2021 में कैपिटल हिल हिंसा के मामले में। दोनों बार वे सीनेट में बच गए थे, पर अब स्थिति अलग है। अब डेमोक्रेट्स के पास प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने का मौका है। 2026 के मध्यावधि चुनाव में अगर डेमोक्रेट्स ने हाउस पर कब्जा कर लिया, तो ट्रंप पर तीसरी बार महाभियोग चलना लगभग तय माना जा रहा है। आरोपों की सूची लंबी है - टैरिफ के नाम पर कांग्रेस की अनुमति के बिना आर्थिक आपातकाल लगाना, न्याय विभाग का राजनीतिक इस्तेमाल, विदेशी सरकारों पर दबाव बनाना, और अपने व्यापारिक हितों के लिए पद का दुरुपयोग करना। दूसरी आफत पार्टी के अंदर है। रिपब्लिकन पार्टी अब दो धड़ों में बंट गई है। एक धड़ा है ट्रंप के कट्टर समर्थक, जिन्हें 'मागा' कहा जाता है। दूसरा धड़ा है पारंपरिक रिपब्लिकन, जो अब ट्रंप की शैली से थक चुके हैं। कई रिपब्लिकन सांसद खुलेआम कह रहे हैं कि ट्रंप की वजह से पार्टी चुनाव हार रही है। वे ट्रंप से दूरी बना रहे हैं। कुछ ने तो यह भी कहना शुरू कर दिया है कि ट्रंप को अब राष्ट्रपति पद से हटकर पार्टी को नए नेतृत्व को सौंप देना चाहिए। यह फूट ट्रंप के लिए सबसे खतरनाक है। जब अपना घर ही टूटने लगे, तो बाहर की लड़ाई कैसे लड़ी जाएगी? ट्रंप इस फूट को रोकने के लिए अपने विरोधियों को धमका रहे हैं, उन्हें पार्टी से निकालने की धमकी दे रहे हैं, पर इससे फूट और बढ़ रही है। अस्तित्व की रक्षा में क्या अमेरिका भारत से व्यापार समझौता कर सकता है? इसी अस्तित्व रक्षा के संकट में ट्रंप को भारत याद आ रहा है। राजनीति का एक पुराना नियम है जब घर में संकट हो, तो बाहर एक बड़ी जीत दिखाओ। ट्रंप भी यही करना चाहते हैं। अस्तित्व की रक्षा में ट्रंप भारत से व्यापार समझौते को प्राथमिकता देना आरंभ कर चुके हैं। पहले वे भारत पर दबाव बना रहे थे। 50% टैरिफ की धमकी दे रहे थे। पर अब वे नरम पड़ रहे हैं। क्यों? क्योंकि उन्हें एक बड़ी कूटनीतिक जीत चाहिए, जिसे वे अमेरिकी जनता और अपनी पार्टी के बागियों को दिखा सकें। भारत के साथ एक सार्थक व्यापार समझौता अब पहले से कहीं ज्यादा संभव दिख रहा है। दोनों देशों के बीच बातचीत के कई दौर हो चुके हैं। भारत ने अमेरिका को कई क्षेत्रों में रियायत देने का संकेत दिया है, तो अमेरिका ने भी टैरिफ घटाने की बात कही है। अगर यह समझौता हो जाता है, तो ट्रंप कह सकेंगे - देखो, मैंने दुनिया के सबसे बड़े बाजार को अमेरिका के लिए खोल दिया। इससे अमेरिकी किसानों, टेक कंपनियों और निर्माताओं को फायदा होगा। यह समझौता ट्रंप के लिए सिर्फ व्यापार नहीं, यह उनकी राजनीतिक संजीवनी है। वे इसे महाभियोग के खतरे से बचने के लिए एक ढाल की तरह इस्तेमाल करना चाहते हैं। क्या एच-1बी में भारत को और लाभ मिल सकता है? इस समझौते का सबसे बड़ा लाभ भारतीय पेशेवरों को मिल सकता है। एच-1बी वीजा का मुद्दा भारतीयों के लिए हमेशा से भावनात्मक रहा है। पिछले वर्षों में ट्रंप ने एच-1बी को सख्त किया था। फीस बढ़ा दी, नियम कड़े कर दिए। लेकिन अब अमेरिकी टेक कंपनियां ट्रंप पर दबाव डाल रही हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन - सब कह रहे हैं कि हमें भारतीय टैलेंट चाहिए। एआई की दौड़ में अमेरिका चीन से पीछे नहीं रहना चाहता, और इसके लिए उसे भारतीय इंजीनियर चाहिए। ऐसे में माना जा रहा है कि व्यापार समझौते के साथ एच-1बी में भारत को और लाभ मिल सकता है। वीजा कोटा बढ़ सकता है, फीस में राहत मिल सकती है, ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया आसान हो सकती है। इससे भारतीय पेशेवरों को कुछ हद तक राहत मिलेगी। यह राहत पूरी नहीं होगी, पर कम से कम एक स्थिरता आएगी, जो पिछले कुछ वर्षों में गायब हो गई थी। क्या अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर महाभियोग चलेगा? कानूनी रूप से यह संभव है, पर राजनीतिक रूप से कठिन है। निष्कर्षः में एस कहा जा सकता है कि भारत की भूमिका निर्णायक है। जग जीत की चाह रखने वाले ट्रंप आज अपने ही घर में घिरे हैं। उनकी कुर्सी पर संकट है, पार्टी में फूट है, जनता में नाराजगी है। ऐसे में भारत उनके लिए एक अवसर भी है और एक परीक्षा भी।भारत को इस मौके का लाभ उठाना चाहिए, पर सावधानी के साथ। भारत को व्यापार समझौता करना चाहिए, पर अपने किसानों की कीमत पर नहीं। भारत को एच-1बी में लाभ लेना चाहिए, पर अपनी संप्रभुता से समझौता किए बिना। ट्रंप का भविष्य अब काफी हद तक भारत से जुड़ गया है। अगर भारत से डील हो गई, तो ट्रंप को महाभियोग से बचने का एक मजबूत हथियार मिल जाएगा। अगर डील टूट गई, तो ट्रंप की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।इतिहास गवाह है कि जब भी अमेरिकी राष्ट्रपति घर में कमजोर हुआ है, उसने विदेश में जीत तलाशी है। ट्रंप भी वही कर रहे हैं। अब देखना है कि क्या भारत ट्रंप की नैया का पतवार बनेगा, या फिर ट्रंप का महाभियोग का सामना करना पड़ेगा?

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विवि, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जवाबदेही

प्रो. वंदना अरोड़ा




विरोध का अधिकार, लेकिन संवैधानिक मर्यादा के साथ

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि इसमें नागरिकों को सरकार से सवाल पूछने, नीतियों की आलोचना करने और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार है। विरोध लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी जीवंतता का प्रमाण है। हालांकि, उतना ही महत्वपूर्ण यह समझना भी है कि विरोध का तरीका क्या हो और उसका उद्देश्य क्या होना चाहिए। किसी व्यवस्था में भ्रष्टाचार, अनियमितता या प्रशासनिक लापरवाही सामने आने पर आवाज उठाना आवश्यक है, लेकिन क्या हर समस्या का समाधान सड़कों पर आंदोलन, राजनीतिक दबाव और किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग तक ही सीमित होना चाहिए? क्या कानून और संविधान के दायरे में रहकर उठाई गई आवाज अधिक प्रभावी और स्थायी बदलाव का माध्यम नहीं बन सकती? आज आवश्यकता इस बात की है कि विरोध की संस्कृति को केवल भीड़, नारों और राजनीतिक टकराव तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे तथ्यों, कानूनी अधिकारों और संवैधानिक प्रक्रियाओं से जोड़ा जाए। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होने का अधिकार प्रदान करता है। इसका अर्थ है कि नागरिक सरकार की नीतियों की आलोचना कर सकते हैं, जनप्रतिनिधियों से जवाब मांग सकते हैं और प्रशासनिक निर्णयों के प्रति असहमति व्यक्त कर सकते हैं। हालांकि, ये अधिकार उचित कानूनी प्रतिबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित संवैधानिक सीमाओं के अधीन हैं। किसी व्यवस्था की गलती का विरोध करते समय कानून को कमजोर करना नहीं, बल्कि कानून का सहारा लेकर उस गलती को उजागर करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर, यदि शिक्षा व्यवस्था में अनियमितता हुई है, परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आई है या किसी विभाग में भ्रष्टाचार के प्रमाण मिलते हैं, तो सबसे पहले तथ्यों और साक्ष्यों को व्यवस्थित रूप से सामने लाया जाना चाहिए। संबंधित विभाग में शिकायत, सूचना का अधिकार (आरटीआई), सतर्कता विभाग, सक्षम जांच एजेंसी और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। यदि इन प्रक्रियाओं के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, तो शांतिपूर्ण धरना, प्रदर्शन और जनजागरण भी लोकतांत्रिक विरोध के वैध माध्यम हैं। महत्वपूर्ण यह है कि जनआवाज के साथ कानूनी प्रक्रिया भी आगे बढ़े, ताकि विरोध केवल नारों तक सीमित न रहकर जवाबदेही और परिणाम तक पहुंचे। किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग करना अपने आप में गलत नहीं है। यदि किसी गंभीर प्रशासनिक विफलता के लिए संबंधित मंत्री की जिम्मेदारी बनती है, तो राजनीतिक और नैतिक जवाबदेही तय करने की मांग पूरी तरह लोकतांत्रिक है। लेकिन यह प्रश्न विचारणीय है कि क्या केवल इस्तीफे से समस्या का स्थायी समाधान हो जाता है? यदि शिक्षा विभाग में अनियमितताएं हैं, तो केवल मंत्री बदलने से क्या पूरी व्यवस्था सुधर जाएंगी? यदि परीक्षा प्रणाली में खामियां हैं, तो क्या नए मंत्री के आने से भविष्य में ऐसी गड़बड़ियां रुकने की गारंटी मिल जाएगी? वास्तविक बदलाव के लिए जरूरी है कि आरोपों की निष्पक्ष जांच हो, दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए और व्यवस्था में मौजूद खामियों को दूर किया जाए। अन्यथा एक व्यक्ति पद छोड़ देगा और दूसरा पद संभाल लेगा, लेकिन मूल समस्या जस की तस बनी रह सकती है। इसलिए किसी भी विरोध का उद्देश्य केवल इस्तीफा हासिल करना नहीं, बल्कि जवाबदेही सुनिश्चित करना और व्यवस्था में ठोस सुधार लाना होना चाहिए। जेन जेड यानी नई पीढ़ी में अपने अधिकारों के प्रति बढ़ती जागरूकता और सवाल पूछने का साहस लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। युवाओं की सबसे बड़ी ताकत केवल उनकी संख्या नहीं, बल्कि उनकी जानकारी, तार्किक सोच, तथ्यों की समझ और संगठित नागरिक भागीदारी है। यदि युवा किसी सरकारी नीति या निर्णय से असहमत हैं, तो वे तथ्यों के आधार पर अपनी बात रख सकते हैं, संबंधित अधिकारियों से जवाब मांग सकते हैं, जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दे सकते हैं और उपलब्ध कानूनी उपायों का सहारा ले सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी किया जा सकता है। आखिरकार, लोकतंत्र की मजबूती इस बात से तय नहीं होती कि कितनी बार सड़कें जाम हुईं या कितने नारे लगाए गए। उसकी वास्तविक मजबूती इस बात में है कि नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों, सरकार जवाबदेह हो, कानून निष्पक्ष रूप से लागू हो और संस्थाएं गलतियों को सुधारने के लिए प्रभावी ढंग से काम करें। विरोध हमारा अधिकार है, लेकिन संवैधानिक मर्यादा जिम्मेदारी। बदलाव की मांग करें, लेकिन तथ्यों के साथ, तर्क के साथ और कानून के दायरे में रहकर।

(लेखिका पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में लॉ डिपार्टमेंट की चेयरपर्सन हैं हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम




संकलित

दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

मानव धर्म ही सर्वोपरि




संकलित

प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहाः महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा हैः आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाईः महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहाः ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोलाः हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहाः तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहाः मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहाः क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

सांसदों की पेंशन खत्म हो

श्रीलंका ने 17 फरवरी 2026 को सांसदों की पेंशन समाप्त कर एक ऐसा फैसला लिया जिसने भारत में भी राजनीतिक पदों से जुड़े आजीवन आर्थिक लाभों पर बहस छेड़ दी है। श्रीलंका की संसद में पेंशन खत्म करने वाले विधेयक के पक्ष में 154 और विरोध में केवल दो वोट पड़े। नया कानून 1977 से लागू सांसद पेंशन कानून को समाप्त करता है और इसका असर उन पूर्व सांसदों पर भी पड़ा जो पहले से पेंशन प्राप्त कर रहे थे। श्रीलंका के इस फैसले के बाद भारत में उद्योगपति हर्ष गोयनका ने एक्स पर सवाल उठाया कि क्या भारत में भी राजनीतिक विशेषाधिकारों पर पुनर्विचार का समय आ गया है। उनका तर्क है कि सार्वजनिक पद जिम्मेदारी है, आजीवन अधिकार नहीं।

- मंयक कौशिक, रोहतक


ट्रेंड

डेडलाइन जरूरी



भूकंप हो या बाढ़, जब लोग जान बचाकर भाग रहे होते हैं, तब रिपोर्टर अपनी जान जोखिम में डालकर खबर की कवरेज करते हैं। न्यूज की दुनिया में डेडलाइन सबसे जरूरी होती है। उसी तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी होती है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

हमेशा तैयार रहें रक्षा बल



हमारे रक्षा बलों को ऐसी क्षमताएं और तरीके विकसित करने चाहिए, जिससे दुश्मन को प्रतिक्रिया देने या संभलने का समय न मिले। साथ ही, हमें दुश्मन की किसी भी अप्रत्याशित कार्रवाई के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। -राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

अखिलेश पूर्व सीएम ही रहेंगे



अखिलेश यादव यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और इंशाल्लाह पूर्व ही रहेंगे। गोली लगने का दर्द आज भी चंद्रशेखर आजाद की कमर में रहता है। कांच के महलों में रहने वालों को पत्थर नहीं फेंकने चाहिए। वे नहीं समझ सकते कि चंद्रशेखर का परिवार किन मुश्किलों से गुजरा है, क्योंकि वे विरासत की राजनीति करते हैं। -असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम प्रमुख

धर्म के नाम पर वोट न दें



मैं चुनावी राजनीति से दूर रहता हूं, लेकिन सरकार को सिर्फ वोटों से डर लगता है। अगर आप सरकार के काम से खुश हैं, तो उसे वोट दें; वरना किसी दूसरी पार्टी को वोट दें। जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्रवाद के आधार पर वोट न दें। लेकिन वोट देते समय किसानों हितों के बारे में जरूरी सोचें।

-राकेश टिकैत, किसान नेता

करंट अफेयर

न्यूयार्क की परेड में सुनीता विलियम्स बनीं 'ग्रैंड मार्शल'



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता 'सुनी' विलियम्स ने न्यूयॉर्क सिटी में 107वें पूर्व सैनिक दिवस की परेड में 'ग्रैंड मार्शल' की भूमिका निभाई। अमेरिकी नौसेना की पूर्व सैनिक (वेटरन) विलियम्स के साथ इस वार्षिक परेड में हजारों अमेरिकी पूर्व सैनिक, वर्तमान सैन्य कर्मी, मार्चिंग बैंड, देशभक्त संगठन, सैन्य वाहन और अन्य प्रतिभागी शामिल हुए। यह परेड उन लोगों के सम्मान में आयोजित की जाती है, जिन्होंने वर्षों तक देश की सेवा की है। इस अवसर पर उपस्थित न्यूयॉर्क के भारतीय मूल के मेयर जोहरान ममदानी सहित अन्य लोगों को संबोधित करते हुए विलियम्स ने कहा कि 107वें पूर्व सैनिक दिवस की परेड में शामिल होना उनके लिए ''बेहद सम्मान की बात'' है। उन्होंने कहा, ''जब मैं सेना में शामिल हुई थी तो मैंने एक पल के लिए भी नहीं सोचा था कि मैं कभी पूर्व सैनिक बनूंगी... उस समय आप युवा होते हैं और सोचते हैं कि अपना जीवन कैसे बिताएंगे।

ऑफ बीट

बायोमार्कर कैसे करते हैं सेहत का आकलन



मान लीजिए कि पांच सदस्यों वाला एक परिवार फ्लू के वायरस के संपर्क में आता है, लेकिन उनमें से केवल दो लोग बीमार पड़ते हैं। एक व्यक्ति जीवनभर धूम्रपान करता है और 100 साल तक जीवित रहता है, जबकि अपने करियर के चरम पर पहुंचा एक पेशेवर खिलाड़ी अचानक दिल का दौरा पड़ने से मर जाता है। इसी तरह, कोई दवा कुछ मरीजों पर अच्छा असर दिखाती है, लेकिन कुछ मरीजों में गंभीर दुष्प्रभाव होने के कारण नैदानिक परीक्षण में विफल हो जाती है। क्या इनमें से किसी भी घटना का पहले से अनुमान लगाया जा सकता था? इसका सीधा जवाब है- अभी तक तो नहीं। हालांकि 'बायोमार्कर' की मदद से भविष्य में ऐसा संभव हो सकता है। बायोमार्कर शरीर में मौजूद ऐसी कोई भी चीज है, जिसे मापा जा सकता है और जिससे डॉक्टरों को किसी व्यक्ति की मौजूदा या भविष्य की सेहत के बारे में जानकारी मिलती है। बायोमार्कर कई तरह के होते हैं और आधुनिक चिकित्सा में इनकी अहम भूमिका है। इनसे यह समझने में मदद मिलती है कि मानव शरीर के अंदर क्या हो रहा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

भारत-न्यूजीलैंड के बीच चौथा एक दिवसीय मैच आज

वनडे कप्तानी में डेब्यू पर छाप छोड़ना चाहेंगे श्रेयस, भारत की निगाह शृंखला जीतने पर

एजेंसी ▶▶ माउंट मोनगानुई

नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में कमान संभालने वाले श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इस प्रारूप में कप्तानी के अपने पदार्पण पर विशेष छाप छोड़ना चाहेंगे जिसमें भारतीय टीम की निगाह श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी।

भारत पांच मैचों की श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे है और टीम में कुछ बदलाव के बावजूद वह जीत का प्रबल दावेदार है। तीसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद अब न्यूजीलैंड के पास केवल श्रृंखला बराबर करने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। अब सीरीज का चौथा मैच 13 नवंबर को बे ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा।



ऐसी है बे ओवल की पिच रिपोर्ट

बे ओवल की पिच में गेंदबाजी की तुलना में बल्लेबाजी करना आसान माना जाता है। नई गेंद से तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलती है, लेकिन पिच में एक समान उछाल के चलते ज्यादातर बल्लेबाज हावी रहते हैं। यहां पर स्पिन गेंदबाजों के लिए कुछ खास मदद नहीं है। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 268 रन है। यहां पर दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 7 बार जीत दर्ज की है।

इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजरें

न्यूजीलैंड के लिए यंग ने पिछले 10 मैचों में 212 रन बनाए हैं। वहीं, केली के बल्ले से पिछले 4 मैचों में 52.25 की औसत से 209 रन निकले हैं। भारत के लिए रोहित ने पिछले 10 मैचों में 55.78 की औसत से 502 रन बनाए हैं। वहीं, कोहली के बल्ले से पिछले 9 मैच में 393 रन निकले हैं। डफी ने पिछले 7 मैचों में 11 विकेट चटकाए हैं। बरार ने पिछले 9 मैच में 15 विकेट लिए हैं।

विराट और राहुल का अच्छा प्रदर्शन

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने यहां पर इकलौती पारी में 112 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने इस मैदान पर 3 पारियों में 37.33 की औसत से 112 रन बनाए हैं। युजवेंद्र चहल ने इस मैदान पर 3 पारियों में 21.42 की औसत से 7 विकेट लिए थे। कुलदीप यादव ने यहां पर 2 वनडे में 21.00 की औसत से 4 विकेट चटकाए हैं।

संभावित एकादश

भारत : रोहित शर्मा, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), नमन धीर, अक्षर पटेल, आकिब नबी, गुरनूर बरार, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

न्यूजीलैंड : टिम साइफर्ट, विल यंग, फिन एलन, निक केली, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, काइल जैमीसन, जैकब डफी, मैट हेनरी और ब्रेट रैंडेल।

सबालेंका को हराकर मीरा सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶ इंडियन वेल्स

मीरा एंड्रीवा ने अपने ग्रुप मैच में एरिना सबालेंका को सीधे सेटों में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट की सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित की। तीसरी वरीयता प्राप्त एंड्रीवा ने सबालेंका को 6-4, 6-0 से हराया। वह पहले सेट में सबालेंका से 1-4 से पिछड़ रहीं थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने अगले 23 में से 20 अंक जीतकर 62 मिनट में जीत हासिल की और इस तरह से ग्रुप दो में शीर्ष स्थान हासिल किया। एंड्रीवा ने राउंड रोबिन आधार पर होने वाले ग्रुप मैचों में अपने दोनों मैच जीते हैं।



शीर्ष आठ महिला खिलाड़ियों के बीच स्पर्धा

इस ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी खिलाड़ी का निर्धारण सबालेंका और एलिना स्वितोलिना के बीच होने वाले मैच से होगा। सबालेंका ने अपने पहले मैच में कैरोलिना मुचोवा को सीधे सेटों में हराया था। शीर्ष आठ महिला खिलाड़ियों के बीच खेली जा रही इस प्रतियोगिता में स्वितोलिना को अपने पहले मैच में एंड्रीवा से 6-4, 6-0 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद मुचोवा को 3-6, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार वापसी की।

बैडमिंटन

श्रीकांत और लक्ष्य कुमामोतो मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶ कुमामोतो (जापान)

भारत के किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल करके पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

श्रीकांत ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त और विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी कोदाई नाराओका को 21-15, 11-21, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। अब उनका मुकाबला जापान के एक अन्य खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज कोकी वातानाबे से होगा।

लक्ष्य ने चीन के डोंग को हराया

जर्मनी में हाइलो ओपन जीतने वाले आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के डोंग तियान याओ को 21-8, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।



अब उनका मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज लक्ष्य वर्तमान में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग में 10वें स्थान पर हैं और चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी।

विवान ने ट्रैप स्पर्धा में जीता रजत, ओलंपिक कोटा हासिल किया

दोहा। जयपुर के विवान कपूर बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुष ट्रैप स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से बेहद करीब से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस उपलब्धि से उन्होंने हालांकि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भारत का एक कोटा भी पक्का कर दिया। उनसे पहले पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जयपाल मालवीय और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतने वाले नीरज कुमार भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

शूट ऑफ में एक निशाना चूका

हालांकि शूट-ऑफ में विवान एक क्ले बर्ड पर निशाना लगाने से चूक गए और कुवैत के अब्दुलरहमान अलफैहान ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। निर्धारित मुकाबले में दोनों निशानेबाजों ने 30 में से 29 अंक हासिल किए थे जिसके बाद विजेता का फैसला शूट-ऑफ से हुआ। इस रजत पदक के साथ विवान अत्यंत प्रतिस्पर्धी पुरुष ट्रैप स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने वाले चौथे भारतीय बन गए।

युवा ओलंपिक : अंबेकर मीतेई ने रचा इतिहास, भारत को दिलाया मुक्केबाजी का पहला गोल्ड

डकार (सेनेगल)। एल अंबेकर मीतेई ने युवा ओलंपिक खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में बृहस्पतिवार को यहां स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। अंबेकर मीतेई पुरुषों के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में आयरलैंड के क्रिस्टियन जुबानी को 3-2 से शिकस्त देकर इस प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले देश के पहले मुक्केबाज बन गये। इससे पहले इस प्रतियोगिता में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 के युवा ओलंपिक में रहा था जब शिव थापा ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता था। विकास कृष्ण ने भी 2010 में सिंगापुर में आयोजित युवा ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल किया था। पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में अभ्यास करने वाले अंबेकर ने फाइनल तक का सफर शानदार अंदाज में तय किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मुकाबले के पहले ही दौर में नामीबिया के अब्राहम कालेन्गा को मुकाबले से बाहर कर दिया। इसके बाद सेमीफाइनल में कोलंबिया के इज्जोन जेफ्री गैलेया अरेवालो को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मणिपुर के अंबेकर ने फाइनल में भी गजब का संयम और आत्मविश्वास दिखाया।

अंडर-19 एशिया कप खिताब के लिए भारत-पाक में भिड़ंत कल

अल अमेरात (ओमान)। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी की 93 रन की शानदार पारी के दम पर भारत ने बृहस्पतिवार को यहां अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल में जगह बना ली। खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से शनिवार 14 नवंबर को होगा। तेज गेंदबाज ईशान सूद की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने अफगानिस्तान को निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 227 रन के स्कोर पर रोक दिया। भारत ने 36.5 ओवर में दो विकेट पर 230 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले पाकिस्तान ने दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश को नौ विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया।



ग्रैंडमास्टर प्रज्ञाननंदा और एरिगैसी ने फास्ट क्लासिकल में ड्रॉ के साथ शुरू किया अभियान

एजेंसी ▶▶ बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा और अर्जुन एरिगैसी ने यहां टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट की 'फास्ट क्लासिकल' प्रतियोगिता में दो-दो ड्रॉ के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। प्रज्ञाननंदा को ग्रुप बी में जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने दो बार बराबरी पर रोका, जबकि एरिगैसी ने ग्रुप डी में अमेरिकी खिलाड़ी हैंस नीमन के खिलाफ दोनों बाजियां ड्रॉ खेली। इस तरह से दोनों भारतीय खिलाड़ियों के अब दो-दो अंक हैं।





आर वैशाली की शुरूआत अच्छी नहीं रही

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वह अपने पहले मैच में फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव से हार गई जबकि दूसरा मैच उन्होंने ड्रॉ कराया। महिला विश्व चैंपियनशिप की चैलेंजर 25 वर्षीय वैशाली ग्रुप डी में अंतिम स्थान पर हैं। इस ग्रुप में वाचियर-लाग्रेव सबसे आगे हैं। एरिगैसी अपने ग्रुप में नीमन, वेस्ली सो और बिबिसारा असाउबायेवा के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

ग्रुप बी में फैबियानो व लिएम शीर्ष पर

ग्रुप बी में फैबियानो कारुआना और लिएम ले चार-चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि प्रज्ञाननंदा और कीमर दो दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। ग्रुप ए में अलीरेज़ा फ़िरोज़जा और जान-क्रिस्टोफ़ डुडा में चार-चार अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इयान नेपोम्नियात्ची ने ग्रुप सी में चार अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली है।

कार्लसन को ड्रा से करना पड़ा संतोष

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी के खिलाफ दो ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ी ग्रुप सी में दो-दो अंकों के साथ तीसरे स्थान हैं। फास्ट क्लासिकल प्रारूप में प्रत्येक खिलाड़ी को 45 मिनट का समय मिलता है। पहली चाल से प्रत्येक चाल पर 30 सेकंड का अतिरिक्त समय जुड़ता जाता है।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से		प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति/चलने के दिन		चलने की तिथि
02252	नई दिल्ली	वंदे भारत त्यौहार विशेष	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शनि	25.11.2026 तक
02251	पटना जं.		10:00	नई दिल्ली	23:30		मंगल, गुरु, रवि	26.11.2026 तक
02254	नई दिल्ली	वंदे भारत त्यौहार विशेष	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	रवि, मंगल, गुरु	26.11.2026 तक
02253	पटना जं.		10:00	नई दिल्ली	23:30		शनि, सोम, बुध	28.11.2026 तक
04022	नई दिल्ली	वाया लखनऊ (एनआर)	14:30	गोरखपुर	04:10	तिथिवार	शुक्रवार	13.11.2026 को
04021	गोरखपुर		07:00	नई दिल्ली	23:10		शनिवार	14.11.2026 को
04058	आनंद विहार टर्मिनल		00:20	छपरा	19:20	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार मंगलवार	17.11.2026 तक
04057	छपरा		22:10	आनंद विहार टर्मिनल	17:20			
01903	आगरा कैंट		20:00	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	12:20	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
01904	शहीद कैप्टन तुषार महाजन		16:05	आगरा कैंट	08:40		सोमवार	30.11.2026 तक
02563	बरौनी जं.		07:40	नई दिल्ली	05:10	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02564	नई दिल्ली		17:55	बरौनी जं.	15:10			01.12.2026 तक
02569	दरभंगा जं.		06:30	नई दिल्ली	04:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02570	नई दिल्ली		12:15	दरभंगा जं.	10:00			01.12.2026 तक
05579	पूर्णिया कोर्ट		16:30	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार, रविवार	29.11.2026 तक
05580	आनंद विहार टर्मिनल		05:15	पूर्णिया कोर्ट	13:45		रविवार, मंगलवार	01.12.2026 तक
05575	सहरसा जं.		20:00	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05576	आनंद विहार टर्मिनल		05:15	सहरसा जं.	10:30		गुरुवार	26.11.2026 तक
02397	शेखपुरा जं.		11:30	आनंद विहार टर्मिनल	11:40	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
02398	आनंद विहार टर्मिनल		13:30	शेखपुरा जं.	14:45		सोमवार	30.11.2026 तक
03639	धनबाद जं.		18:30	शकूर बस्ती	18:40	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
03640	शकूर बस्ती		21:10	धनबाद जं.	23:45		मंगलवार, शनिवार	01.12.2026 तक
05219	मुजफ्फरपुर जं.		13:30	आनंद विहार टर्मिनल	10:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
05220	आनंद विहार टर्मिनल		12:00	मुजफ्फरपुर जं.	09:45		शनिवार	28.11.2026 तक
05193	छपरा जं.		14:00	पठानकोट	22:15	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
05194	पठानकोट		00:30	छपरा जं.	09:15		बुधवार	25.11.2026 तक
02417	प्रयागराज जं.		21:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में चार दिन	रवि, सोम, गुरु, शुक्र	14.12.2026 तक
02418	शकूर बस्ती		21:30	प्रयागराज जं.	09:15		बुध, गुरु, शनि, रवि	17.12.2026 तक
04163	नारायणपुर बाजार		18:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में तीन दिन	मंगल, बुध, शनि	16.12.2026 तक
04164	शकूर बस्ती		21:30	नारायणपुर बाजार	12:25		सोम, मंगल, शुक्र	15.12.2026 तक
03257	दानापुर		07:30	आनंद विहार टर्मिनल	00:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
03258	आनंद विहार टर्मिनल		05:00	दानापुर	20:45		सोमवार	30.11.2026 तक
05301	मऊ जं.		04:40	अंबाला कैंट जं.	03:55	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
05302	अंबाला कैंट जं.		05:45	मऊ जं.	04:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक
05085	छपरा जं.		13:05	आनंद विहार टर्मिनल	09:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05086	आनंद विहार टर्मिनल		10:50	छपरा जं.	07:00		बुधवार	25.11.2026 तक
03435	मालदा टाउन		09:30	आनंद विहार टर्मिनल	13:40	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
03436	आनंद विहार टर्मिनल		14:50	मालदा टाउन	22:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
02877	रांची जं.		16:25	आनंद विहार टर्मिनल	18:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
02878	आनंद विहार टर्मिनल		19:30	रांची जं.	19:10		रविवार	29.11.2026 तक
04123	प्रयागराज जं.		14:50	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:35	सप्ताह में दो दिन	बुधवार, रविवार	29.11.2026 तक
04124	हज़रत निज़ामुद्दीन		15:45	प्रयागराज जं.	09:10		गुरुवार, सोमवार	30.11.2026 तक
05101	गोरखपुर जं.		16:00	शकूर बस्ती	11:05	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
05102	शकूर बस्ती		13:15	गोरखपुर जं.	08:30		सोमवार	30.11.2026 तक
03107	कोलकाता		23:50	आलमनगर	19:45	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
03108	आलमनगर		01:45	कोलकाता	22:30		शनिवार	28.11.2026 तक
04183	प्रयागराज जं.		15:25	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:35	साप्ताहिक	मंगलवार	01.12.2026 तक
04184	हज़रत निज़ामुद्दीन		15:45	प्रयागराज जं.	09:10		बुधवार	02.12.2026 तक
03437	मालदा टाउन		10:00	हरिद्वार जं.	17:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
03438	हरिद्वार जं.		18:35	मालदा टाउन	23:55		रविवार	29.11.2026 तक
01705	जबलपुर जं.		19:40	अयोध्या धाम जं.	11:25	साप्ताहिक	मंगलवार	29.12.2026 तक
01706	अयोध्या धाम जं.		13:30	जबलपुर जं.	06:45		बुधवार	30.12.2026 तक
09309	इंदौर जं.		17:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:00	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार, रविवार	27.11.2026 तक
09310	हज़रत निज़ामुद्दीन		08:20	इंदौर जं.	21:00		शनिवार, सोमवार	28.11.2026 तक
09257	भावनगर टर्मिनस		14:20	शकूर बस्ती	10:55	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
09258	शकूर बस्ती		13:15	भावनगर टर्मिनस	08:50		शनिवार	28.11.2026 तक
09203	वेरावल जं.		16:05	हरिद्वार जं.	20:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09204	हरिद्वार जं.		21:30	वेरावल जं.	09:45		बुधवार	25.11.2026 तक
09523	ओखा		10:20	शकूर बस्ती	10:35	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09524	शकूर बस्ती		13:15	ओखा	13:00		बुधवार	25.11.2026 तक
09425	साबरमती बीजी		18:45	हरिद्वार जं.	20:30	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
09426	हरिद्वार जं.		21:45	साबरमती बीजी	22:30		मंगलवार	24.11.2026 तक
04811	बाड़मेर		04:15	हरिद्वार जं.	04:10	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, गुरुवार	30.11.2026 तक
04812	हरिद्वार जं.		05:15	बाड़मेर	06:35		मंगलवार, शुक्रवार	01.12.2026 तक
09611	अजमेर जं.		19:45	योग नगरी ऋषिकेश	12:50	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09612	योग नगरी ऋषिकेश		17:55	अजमेर जं.	09:55		गुरुवार	26.11.2026 तक
09639	मदार जं.		04:30	रोहतक जं.	12:50	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
09640	रोहतक जं.		13:20	मदार जं.	22:35			30.11.2026 तक
09609	उदयपुर सिटी		13:45	योग नगरी ऋषिकेश	10:15	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09610	योग नगरी ऋषिकेश		17:55	उदयपुर सिटी	15:30		बुधवार	25.11.2026 तक
01703	जबलपुर जं.		15:30	हरिद्वार जं.	14:20	साप्ताहिक	गुरुवार	19.11.2026 तक
01704	हरिद्वार जं.		15:10	जबलपुर जं.	16:20		शुक्रवार	20.11.2026 तक
01707	जबलपुर जं.		20:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	14:25	साप्ताहिक	शनिवार	14.11.2026 तक
01708	हज़रत निज़ामुद्दीन		15:45	जबलपुर जं.	09:30		रविवार	15.11.2026 तक
09093	उधना जं.		07:25	अयोध्या कैंट	10:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	13.11.2026 तक
09094	अयोध्या कैंट		14:45	उधना जं.	17:15		शनिवार	14.11.2026 तक
09097	उधना जं.		06:45	अयोध्या कैंट	11:30	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09098	अयोध्या कैंट		13:30	उधना जं.	17:30		बुधवार	25.11.2026 तक
02456	नई दिल्ली		07:45	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में चार दिन	सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02455	कानपुर सेंट्रल		15:00	नई दिल्ली	20:20		सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02458	आनंद विहार टर्मिनल		07:20	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में तीन दिन	मंगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
02457	कानपुर सेंट्रल		15:00	आनंद विहार टर्मिनल	20:10		मंगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
05005	बढ़नी		15:10	जालंधर सिटी जं.	08:30	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
05006	जालंधर सिटी जं.		10:50	बढ़नी	04:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
01483	खडकी		17:30	हज़रत निज़ामुद्दीन	18:10	सप्ताह में दो दिन	मंगलवार, शुक्रवार	20.11.2026 तक
01484	हज़रत निज़ामुद्दीन		22:10	खडकी	22:15		बुधवार, शनिवार	21.11.2026 तक
07621	हजूर साहिब नांदेड़		08:45	हज़रत निज़ामुद्दीन	14:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
07622	हज़रत निज़ामुद्दीन		21:40	हजूर साहिब नांदेड़	00:35		रविवार	29.11.2026 तक
07021	चर्लपल्ली		19:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	02:00	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
07022	हज़रत निज़ामुद्दीन		04:00	चर्लपल्ली	13:50		बुधवार	02.12.2026 तक
07023	चर्लपल्ली		19:45	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:00	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
07024	हज़रत निज़ामुद्दीन		07:15	चर्लपल्ली	17:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
09617	उदयपुर सिटी		21:15	दिल्ली सराय रोहिल्ला	11:15	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09618	दिल्ली सराय रोहिल्ला		13:45	उदयपुर सिटी	04:00		गुरुवार	26.11.2026 तक
01045	लोकमान्य तिलक टर्मिनस		07:35	अयोध्या कैंट	10:15	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, शुक्रवार	27.11.2026 तक
01046	अयोध्या कैंट		13:50	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	17:15		मंगलवार, शनिवार	28.11.2026 तक
01913	खजुराहो		22:15	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:00	सप्ताह में तीन दिन	सोम, बुध, शनि	18.11.2026 तक
01914	हज़रत निज़ामुद्दीन		12:30	खजुराहो	03:30		मंगल, गुरु, रवि	19.11.2026 तक
06073	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ		14:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:50	साप्ताहिक	सोमवार	16.11.2026 तक
06074	हज़रत निज़ामुद्दीन		05:45	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ	16:30		गुरुवार	19.11.2026 तक
04209	वाराणसी जं.	वाया लखनऊ (एनआर)	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में तीन दिन	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं.		18:50	वाराणसी जं.	09:50		मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या कैंट	वाया लखनऊ (एनआर)	18:20	आनंद विहार ट.	06:10	सप्ताह में दो दिन	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार ट.		09:00	अयोध्या कैंट	22:00		सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं.	वाया लखनऊ (एनआर)	11:05	चंडीगढ़ जं.	04:20	सप्ताह में दो दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ जं.		06:00	वाराणसी जं.	00:55		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
05281	मुज़फ़्फरपुर जं.	वाया लखनऊ (एनआर)	06:30	आनन्द विहार (ट.)	05:00	तिथिवार	बुधवार	18.11.2026 को
05282	आनन्द विहार (ट.)		07:00	मुज़फ़्फरपुर जं.	04:50		गुरुवार	19.11.2026 को
04067	पटना जं.		18:00	नई दिल्ली	14:00	तिथिवार	शुक्रवार	13.11.2026 को

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें



खबर संक्षेप

नेपाल में वाहन गहरी खाई में गिरा, 11 की मौत

काठमांडू। नेपाल के बागमती प्रांत में गुरुवार को एक छोटी बस के गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए। दुर्घटना मकवानपुर जिले में सुबह करीब पौने छह बजे हुई। बस काठमांडू से सरलाही जा रही थी तथा उसमें करीब 17 लोग सवार थे। यह बस भीमफेदी ग्रामीण नगरपालिका में भीमफेदी-कुलेखानी-काठमांडू सड़क पर पहाड़ से लगभग 300 मीटर नीचे जा गिरी।

इंडोनेशियाई उपराष्ट्रपति जिब्रान ने दिया इस्तीफा

जकार्ता। इंडोनेशिया के उपराष्ट्रपति जिब्रान राकाबुमिंग राका ने अदालतों के फैसलों में अपनी शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाए जाने और पद पर बने रहने की पात्रता को लेकर विवाद गहराने के बीच इस्तीफा दे दिया। पूर्व राष्ट्रपति जोको विडोडो के पुत्र जिब्रान (39) ने संसद भवन में देश के सर्वोच्च विधायी निकाय 'पीपुल्स कंसल्टेटिव असेंबली' के नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंपा।

जया बच्चन की मां इंदिरा भादुड़ी की सेहत बिगड़ी

भोपाल। अमिताभ बच्चन की सास और जया बच्चन की मां 95 वर्षीय इंदिरा भादुड़ी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पारुल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक उन्हें एलर्जी से जुड़ी परेशानी है, फिलहाल उनकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है। इससे पहले अक्टूबर 2024 में भी इंदिरा भादुड़ी की तबीयत खराब हुई थी। उस समय जानकारी मिलने पर जया बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन भोपाल पहुंचे थे।

विदेश से तलाक लेकर दूसरी शादी करने वालों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

भारतीय कानून में यह 'मान्य' नहीं दूसरी शादी पर चल सकता है केस

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारतीय कानून के तहत तलाक के आधार और प्रक्रिया पूरी करना जरूरी



नागरिकता बदलने से भी पहली शादी के दायित्व खत्म नहीं होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में शादी करने के बाद विदेश की अदालत से तलाक लेकर दूसरी शादी करना अब कानूनी मुश्किल खड़ी कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि भारतीय कानून के तहत हुई शादी केवल विदेशी अदालत से तलाक की डिक्री हासिल करने से समाप्त नहीं हो जाती। यदि विदेशी अदालत ने ऐसे आधार पर तलाक दिया है, जिसे भारतीय कानून मान्यता नहीं देता, तो भारत में पहली शादी कायम मानी जाएगी। ऐसी स्थिति में दूसरी शादी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ द्विविवाह (बिगैमी) का आपराधिक मुकदमा चल सकता है।

बड़ा फैसला

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस चंद्रशेखर की पीठ ने कहा कि विदेशी तलाक को भारत में मान्यता मिलने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 13 की शर्तों पर खरा उतरना जरूरी है। अदालत ने साफ किया कि शादी के पूरी तरह टूट जाने (इर्रीट्रीवेबल ब्रेकडाउन) को भारत में हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत तलाक का स्वतंत्र वैधानिक आधार नहीं माना गया है।



विदेशी तलाक को भारत में मान्यता मिलने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 13 की शर्तों पर खरा उतरना जरूरी

दूसरी शादी कानूनी कार्रवाई का आधार

पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि शादी के बाद पति या पत्नी किसी दूसरे देश की नागरिकता हासिल कर लें, तब भी भारत में हुई पहली शादी से जुड़े कानूनी दायित्व समाप्त नहीं होंगे। कोई व्यक्ति विदेशी तलाक के आधार पर दूसरी शादी करके भारतीय कानून से बच नहीं सकता। भारतीय कानून के मुताबिक पहली शादी समाप्त नहीं हुई है, तो वह वैध मानी जाएगी और दूसरी शादी कानूनी कार्रवाई का आधार बन सकती है।

विदेशी तलाक को मान्यता की जरूरी शर्तें

1. तलाक ऐसे आधार पर मिला हो, जिसे भारतीय कानून मान्यता देता है, जैसे क्रूरता, परित्याग, व्यभिचार या आपसी सहमति।
2. विदेशी अदालत का फैसला एकतरफा न हो। दूसरे जीवनसाथी को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर मिला हो।
3. अदालत का फैसला प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप हो।
4. तलाक की डिक्री धोखाधड़ी से हासिल नहीं की गई हो।
5. विदेशी अदालत का फैसला भारतीय कानून के तहत निर्धारित कानूनी शर्तों का उल्लंघन न करता हो।

पीएम सम्मेलन में हिस्सा लेने जाएंगे फिलीपींस

मनीला। पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कूटनीतिक प्रभाव को विस्तार मिलने जा रहा है। पीएम मोदी 16 से 18 नवंबर 2026 तक फिलीपींस की राजधानी मनीला की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे, जहां वे 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें ईस्ट एशिया समिट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने गुरुवार को विशेष प्रेस वार्ता में पीएम के इस महत्वपूर्ण दौरे की रूपरेखा साझा की। उन्होंने कहा कि हालांकि यह यात्रा मुख्य रूप से आसियान-भारत और ईस्ट एशिया जैसे बहुपक्षीय मंचों के लिए है, लेकिन फिलीपींस के मेजबान देश होने के नाते द्विपक्षीय स्तर पर भी शीर्ष नेतृत्व की मुलाकात तय है। रक्षा सहयोग और ब्रह्मोस मिसाइल पर उन्होंने कहा कि भारत और फिलीपींस के बीच स्थापित रणनीतिक साझेदारी के तहत ब्रह्मोस को लेकर ऐतिहासिक समझौता हुआ है।

भारत और ब्राजील के बीच नई साझेदारी

सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल विकसित करने के लिए एमओयू साइन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एमओयू करते अधिकारी

भारत और ब्राजील अपने लंबे अंतरिक्ष सहयोग को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं। दोनों देशों की कंपनियों ने मिलकर ऐसा सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल विकसित करने पर सहमति जताई है, जो कम से कम 100 किलो पेलोड को लो अर्थ ऑर्बिट (पृथ्वी की निचली कक्षा) तक ले जाने में सक्षम होगा। यह समझौता अक्टूबर में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के जरिए हुआ। इस पर ब्राजील के माइक्रो लॉन्चर प्रोग्राम कंसोर्टियम की सदस्य कंपनी कॉन्सर्ट टेक्नोलॉजीज और भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने हस्ताक्षर किए। यह एमओयू तुर्की के अंताल्या में आयोजित इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल कांग्रेस 2026 के दौरान हस्ताक्षरित हुआ। समारोह में ब्राजील के सीनेटर और अंतरिक्ष यात्री मार्कोस पोंटेस तथा ब्राजीलियाई अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष मार्को एंटोनियो चैमोन भी मौजूद रहे। प्रस्तावित लॉन्च व्हीकल ब्राजील के माइक्रो लॉन्चर प्रोग्राम (40 किलो तक पेलोड) और स्काईरूट के बड़े विक्रम रॉकेट परिवार के बीच की खाई को पाटेगा।



गुरुद्वारे खोलने के नाम पर आईएसआई की चाल

एजेंसी/इस्लामाबाद। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भारत को दहलाने का नया प्लान बनाया है। आईएसआई के निशाने पर खास तौर पर पंजाब है। इसके लिए आईएसआई ने विदेशों में स्थित गुरुद्वारों और प्रवासी नेटवर्क के जरिए जाल बुना है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान ने पंजाब को अशांत करने के लिए लाहौर में करीब 79 साल बाद एक ऐतिहासिक गुरुद्वारे को फिर से खोलने और एक और खास सिख धर्मस्थल को बड़ा करने का प्लान बनाया है। पाक की इस चाल का मकसद भारत और विदेशों में सिखों के बीच अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए धार्मिक पर्यटन को एक चैनल के रूप में इस्तेमाल करना है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत इस घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

अभिषेक के आवास के बाहर चला बुलडोजर

फुटपाथ से हटाया गया अस्थायी ढांचा, गेट को कटर से काटा



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित आवास के बाहर बृहस्पतिवार को नगर निकाय ने बुलडोजर चलाकर फुटपाथ पर बना बांस का अस्थायी ढांचा हटा दिया। पैदल यात्रियों की आवाजाही में कथित बाधा बन रहे लोहे के गेट को भी गैस कटर से काटकर हटा दिया। यह कार्रवाई बनर्जी के 121, कालीघाट रोड स्थित आवास के बाहर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। इस दौरान कोलकाता पुलिस और केंद्रीय बलों के जवान तैनात थे। नगर निकाय के कर्मचारियों ने पहले बुलडोजर से ढांचे को गिराया और फिर बांस के खंभे हटाकर फुटपाथ खाली कराया।

अभिषेक बोले लड़ाई जारी रहेगी

अभिषेक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं 'बांग्ला विरोधियों' के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। मैं अपनी आखिरी सांस तक न तो पीछे हटूंगा और न ही एक इंच पीछे खिसकूंगा।पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री दिलीप घोष ने नगर निकाय की कार्रवाई का बचाव किया। घोष ने संवाददाताओं से कहा कि यह कार्रवाई उचित है, क्योंकि इलाके के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। अभिषेक खुद को कानून से ऊपर समझते थे। यह ढांचा विवाद का विषय बना हुआ था। टीएमसी का कहना था कि इसे पश्चिम बंगाल सुरक्षा निदेशालय ने बेनर्जी को जेड-प्लस सुरक्षा मिलने के दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात कर्मियों के लिए बनवाया था।

यूएई के तट के पास जहाज पर हुए हमले में सुरक्षित 19 भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध के मध्य एक बार फिर से भारतीय सवार एक व्यापारिक जहाज को हमले के जरिए निशाना बनाया गया है। इस बार मामला संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मीना साकर तट के पास लाइबेरिया के ध्वज वाले कच्चे तेल के एक टैंकर 'एमटी डोमिनिका प्रॉस्पेरिटी' पर प्रक्षेप्य (विस्फोटक से भरे प्रोजेक्टाइल) से किए गए हमले से जुड़ा हुआ है।


जिसके बाद यूएई के तटरक्षकबल द्वारा तेजी के साथ की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप जहाज पर सवार 19 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। जहाज में कुल सवारों की संख्या 22 थी, सभी सुरक्षित हैं। यह जानकारी केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से दी है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि देश के सभी नाविक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हमले में किसी को भी कोई चोट नहीं आई है। हम नाविकों की सुरक्षा और कल्याण को बनाए रखने के लिए जहाज प्रबंधन कंपनी के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं।

पीएम आज राष्ट्र को समर्पित करेंगे

पाताल लोक में भारत करेगा एलपीजी गैस का भंडारण

एजेंसी ▶▶ मंगलुरु


देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कर्नाटक के मंगलुरु में धरती से करीब 160 मीटर नीचे देश की सबसे बड़ी भूमिगत एलपीजी भंडारण गुफा तैयार की गई है। चट्टानों को काटकर बनाई गई इस विशाल गुफा में 80 हजार मीट्रिक टन रसोई गैस का भंडारण किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी 13 नवंबर को इस महत्वाकांक्षी परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मंगलुरु के बाला इलाके में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की यूनिट के नीचे इस भूमिगत भंडारण केंद्र का निर्माण किया गया है।



■ गुफा में स्टोर होगी 80 हजार मीट्रिक टन गैस

सरकार को दो-तिहाई बहुमत का भरोसा

परिसीमन बिल पारित कराने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाएगी सरकार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार महिला आरक्षण लागू करने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जल्द ही संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। प्रस्तावित संशोधन के तहत परिसीमन के जरिए लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या बढ़ाकर अधिकतम 850 करने की योजना है। विधेयक पारित होने पर संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हो जाएगा। सरकार इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू करना चाहती है। सरकार को भरोसा है कि विधेयक पारित कराने के लिए जरूरी संख्या उसके पास है। उसे उम्मीद है कि प्रस्ताव 15 से 18 वोटों के अंतर से पारित हो सकता है। संविधान संशोधन विधेयक के लिए लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत यानी 361 मतों की जरूरत होगी। 543 सदस्यीय सदन में फिलहाल तीन सीटें खाली हैं।

लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव

छठ के लिए 2044 फेरे लगाएंगी 214 स्पेशल ट्रेनें



नई दिल्ली। छठ महापर्व पर घर जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने खास तैयारी की है। पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 214 स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इन ट्रेनों के कुल 2,044 फेरे लगाए जाएंगे। रेलवे का उद्देश्य है कि त्योहार पर घर जाने वाले लोगों को ट्रेन में सफर करने के लिए ज्यादा परेशानी न हो और वो सुरक्षित अपने घर पहुंच सकें।

स्टेशनों पर कड़ी सुरक्षा

यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। बिहार पुलिस की टीम भी सुरक्षा व्यवस्था में मदद कर रही है। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों से भी लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

न्यूयॉर्क में 96 साल पुरानी इमारत ढही, 8 की मौत

वाशिंगटन। न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में बुधवार को 96 साल पुरानी तीन मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं। घायलों में 7 बच्चे भी शामिल हैं। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। हादसे के बाद करीब 250 राहतकर्मी बचाव अभियान में जुटे हैं। बचावकर्मियों ने मलबे से एक गर्भवती महिला और एक बच्चे को भी सुरक्षित बाहर निकाला। हादसा ब्रुकलिन के फ्लैटबुश इलाके में हुआ। गिरने वाली इमारत के ठीक बगल वाले प्लॉट में निर्माण कार्य चल रहा था। वहां पहले एक पुरानी इमारत को तोड़ा गया था और नई इमारत बनाने के लिए जमीन की गहरी खुदाई की जा रही थी। इसी दौरान पास की तीन मंजिला इमारत अचानक ढह गई। स्थानीय न्यूज चैनल के मुताबिक न्यूयॉर्क के बिल्डिंग डिपार्टमेंट के रिकॉर्ड में इसी निर्माण स्थल पर अप्रैल में नियमों के उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था।

केस डायरी, जांच रिपोर्ट और चार्जशीट बनाने तक बड़े-बड़े काम संभालेगी तकनीक

हैदराबाद के पास पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन बनेगा देश का पहला एआई पुलिस थाना

अगले महीने दिसंबर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत भारत के पहले एआई पुलिस स्टेशन का कामकाज शुरू हो सकता है

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

सरकारी विभागों में अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। तेलंगाना में हैदराबाद के पास पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन को भारत के पहले एआई बेस्ड पुलिस स्टेशन के तौर पर तैयार किया जा रहा है। अगले महीने दिसंबर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत भारत के पहले एआई पुलिस स्टेशन का कामकाज शुरू हो सकता है जिसमें शिकायत दर्ज करने से लेकर चार्जशीट बनाने तक जरूरी कामों में एआई का उपयोग किया जाएगा। एआई के क्षेत्र में भले ही मुख्य प्रतिस्पर्धा अमेरिका और चीन के बीच होती है, लेकिन इस तकनीक को अपनाने में भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट में भारत तीसरे स्थान पर है।

अलग खबर



एआई फोटो

10 भाषाओं में शिकायत देने की सुविधा: इस पुलिस स्टेशन में कई सुविधाओं को पहले ही शुरू कर दिया गया है। इन्हीं में से एक है सेतु कियोस्क। इसकी मदद से लगभग 10 भाषाओं में इस पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जो लोग स्थानीय भाषा नहीं जानते, उन्हें इस सुविधा से काफी मदद मिलती है।

प्रमुख कामों में एआई का उपयोग

हैदराबाद पुलिस कमिश्नर सज्जनार ने हाल ही में इस पुलिस स्टेशन का निरीक्षण किया। अगले महीने डीजीपी सीवी आनंद, पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन के कामकाज में एआई के यूज की शुरुआत करेंगे। दावा है कि इस पुलिस स्टेशन को देश के पहले एआई-बेस्ड पुलिस स्टेशन के तौर पर डेवलप किया जा रहा है। पुलिस स्टेशन के कामकाज में एआई का शामिल किया जा रहा है, ताकि पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों दोनों को फायदा मिले। आने वाले दिनों में इस स्टेशन में शिकायत दर्ज करने से लेकर केस डायरी बनाने, जांच रिपोर्ट तैयार करने और चार्जशीट फाइल करने से कामों में एआई का उपयोग होगा।

भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास शुरू



विशाखापत्तनम। 8वां भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास (इमनेक्स-26) 10 से 14 नवंबर तक विशाखापत्तनम में आयोजित किया जा रहा है। म्यांमार नौसेना का जहाज यूएमएस किंग सिन फ्यु शिन और भारत के आईएनएस राणा और आईएनएस सुमेधा के साथ इस अभ्यास में भाग लेने के लिए 10 नवंबर को विशाखापत्तनम पहुंचा। आईएनएस राणा पर उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसके साथ ही इस द्विपक्षीय अभ्यास की शुरुआत हुई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28